हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026



# होली पर्व के दो दिनों में सात करोड़ की शराब गटक गए मदिराप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली के त्यौहार में मदिराप्रेमियों की शराब को लेकर दिवानगी देखने को मिली। राज्य शासन द्वारा होली के दिन शराब दुकानों को बंद रखने के निर्देश बाद पर्व से एक दिन पहले ही दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली। आलम यह रहा कि आम दिनों के मुकाबले होली से एक दिन पहले जिले में शराब की तीन गुना बिक्री देखने को मिली। इतना ही नहीं होली के बाद जब दूसरे दिन दुकानें खुली तो भी मदिराप्रेमियों ने जमकर शराब की खरीदी की है।

उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरूआत में प्रदेश सरकार ने आबकारी नीति में बदलाव करते होली के दिन शराब दुकान चालू रखने के आदेश जारी किए थे, लेकिन विरोध के बाद प्रदेश सरकार ने अपना आदेश वापस लेते हुए होली वाले दिन दुकानें बंद रखने का ऐलान किया। ऐसे में चार मार्च को मनाए जाने वाली होली से ठीक पहले 3 मार्च को जिले ने शराब बिक्री का रिकॉर्ड बना दिया। आलम यह रहा कि आम दिनों के मुकाबले तीन गुना तक शराब बिक्री देखने को मिली। शराब दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। इस दिन सिर्फ एक दिन में करीब 5 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हो गई। आबकारी विभाग के अनुसार आम दिनों में जिले में शराब की बिक्री औसतन एक से डेढ़ करोड़ रुपए के बीच रहती है, लेकिन होली त्यौहार के कारण लोग ज्यादा खरीददारी कर रहे थे, इसलिए बिक्री सीधे 5 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। होली पर देशी की तुलना में विदेशी अंग्रेजी शराब की डिमांड अधिक रहती है। विशेषकर मध्यम दर्जे के चर्चित ब्रांड और गोवा स्टैंडर्ड जैसी श्रेणियों के लिए विभाग ने विशेष स्टोर व्यवस्था की है।

## चार मार्च को बंद रही दुकानें, 3 और 5 मार्च को दिखी शराब लेने दुकानों के बाहर कतारें

अलग खबर

### दूसरे दिन भी जमकर बिक्री

छत्तीसगढ़ में 4 मार्च को होली के अवसर पर शराब की दुकानें बंद थी। ऐसा भी नहीं है कि केवल होली से पहले शराब दुकानों में भीड़ देखने को मिली हो। कई लोगों ने पहले से स्टॉक जमा कर रखा था, पर जिन लोगों के पास स्टॉक खत्म हो गया, वे अगले दिन का इंतजार करते रहे और जैसे ही 5 मार्च को दुकानें खुली वैसे ही लोगों की भीड़ भी उमड़ पड़ी। लोग शराब दुकानों में कतार लगाकर पसंदीदा शराब खरीदते नजर आए। विभाग के मुताबिक 5 मार्च को भी लगभग पौने तीन करोड़ की शराब बिकी है।



### जिले में 18 सरकारी दुकानें, सभी में रिकार्ड शराब बिक्री

ज्ञात हो कि जिले में कुल 18 शराब दुकानें है। इनमें 16 कम्पोजिट दुकानें हैं, जहां देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब मिलती है। वहीं दो प्रीमियम शराब दुकानें है। इन दुकानों में आम दिनों में एक से डेढ़ करोड़ रुपए की शराब बिक्री होती है, लेकिन 3 मार्च को जिले में 5.60 करोड़ की शराब बिकी। वहीं 5 मार्च को बिक्री पौने तीन करोड़ के करीब रही।

## दो दिन तक दिखा होली का जश्न, बच्चों में दिखा अधिक उत्साह, चप्पे-चप्पे पर दिखी पुलिस

# अंचल में दिखी रंगोत्सव की धूम होली में जमकर उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

**शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक शांतिपूर्ण रहा होली पर्व**





होली पर्व को शांति, सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने के लिए इस वर्ष पुलिस की तगड़ी व्यवस्था नजर आई। होली पर्व से पूर्व जहां शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं होली और होली के दूसरे दिन जगह-जगह पुलिस बल तैनात रही। दो दिनों तक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करती रही। वहीं सिविल ड्रेस में भी पुलिस जवानों की हुड़दंगियों पर नजर रही। जिसके चलते छूटपुट मामलों को छोड़ दिया जाए तो शहर में शांतिपूर्ण होली का पर्व संपन्न हुआ।

होली का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों में होली का उत्साह नजर आया। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में युवाओं की टोली होली खेलते नजर आई। बच्चों सहित युवाओं ने राहगीरों पर रंग डालकर बुरा ना मानो होली है, कहकर होली का उत्साह मनाया। शहर के कुछ क्षेत्रों में पुरानी परंपरा के अनुरूप नगाड़े की धुन पर फाग गीतों के साथ होली का पर्व मनाया गया। यहां मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए और फाग गीतों पर झूमते हुए होली खेली। होली के अवसर पर रंग, गुलाल और पिचकारियों की भी जमकर खरीदी हुई। मुखौटों पर पुलिस की कड़ाई होने के चलते इस बार होली में हुलिया बदलकर घूमने वाले कम नजर आए।

## तीसरे दिन मनी पुलिस की होली, फाग गीतों पर झूमे



होली के अवसर पर शांतिपूर्ण त्यौहार संपन्न करने के लिए दो दिनों तक शहर की चाक चौबंद व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने तीसरे दिन होली पर्व का उत्साह मनाया। शहर के विभिन्न पुलिस थानों और पुलिस चौकी में होली खेलने की व्यवस्था की गई थी, जहां फाग गीतों पर झूमते हुए पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने एक-दूसरे पर रंग लगाकर जमकर होली खेली।शहर के कोतवाली थाना, बसंतपुर थाना और ट्रैफिक थाना परिसर में होली का उत्साह नजर आया। यहां टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक सहित पुलिस जवान एक साथ थिरकते नजर आए। होली पर्व को लेकर पुलिस जवानों में खासा उत्साह नजर आया। दो दिनों तक ड्यूटी करने के बाद आज पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना परिसर में होली खेली। फाग और फिल्मी होली गीतों के बीच झूमते हुए पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। महिला पुलिस कर्मियों में भी होली का उत्साह नजर आया। महिला कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे पर रंग लगाकर होली का उत्साह मनाया।

### वाद-विवाद, दो पर कार्रवाई

राजनांदगांव। होली पर्व के दौरान अशांति फैलाने के मामले में सुरगी पुलिस ने सचिन चंद्रवंशी 30 वर्ष व राजेंद्र सोनवानी 50 वर्ष के विरुद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY
(PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# भगवान राधा कृष्ण के संग भक्तों ने खेली होली, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष की श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान राधा-कृष्ण अपने भक्तों के साथ होली खेलने निकले। रंगोत्सव के अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

शहर में लगभग 34 वर्षों से होली पर्व के अवसर पर मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर शोभायात्रा निकाली जाती है । यहां सादगी, सद्भाव और भक्ति पूर्ण वातावरण में होली का उत्साह सभी एक साथ मनाने के लिए यह आयोजन किया जाता है। होली पर्व पर निकली शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर जमकर रंग खेला और शहरवासियों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



शोभायात्रा शहर के भारतमाता चौक, हलवाई लाइन, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, तिरंगा चौक, ठेठवारपारा सहित प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। वहीं शोभायात्रा सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने भगवान राधा -कृष्ण के भजनों में झूमते हुए जमकर होली का उत्साह मनाया। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए ठंडाई वितरण किया गया।

### वर्ष 1992 से निकल रही शोभायात्रा

होली के अवसर पर शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। यहां टिसू के फूल से रंग बनाकर होली खेली जाती है। वहीं झांकी के माध्यम से नगरवासियों पर रंग बरसाया जाता है। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा एक दिन पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर ली जाती है। मंदिर समिति के अशोक लोहिया ने बताया कि श्री सत्यनारायण मंदिर का लगभग 150 वर्ष से अधिक पुराना इतिहास है। वर्ष 1992 से यहां होली पर शोभायात्रा निकाली जा रही है।

## पर्व के बीच ट्रेन रद्द होने से बढ़ी यात्रियों की दिक्कतें

# बोरतलाव और दर्रेकसा में डी-लांचिंग कार्य, दर्जनभर पैसेंजर ट्रेनें दो दिन रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली त्यौहार के बीच जहां लोगों को आवागमन के लिए ट्रेनों का सहारा होता है। वहीं दर्रेकसा और बोरतलाव के बीच डी-लांचिंग कार्य के चलते दो दिनों तक दर्जनभर एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इन ट्रेनों में गोंदिया को रायपुर से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल है। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि चार मार्च को देशभर में होली का त्यौहार मनाया गया है। इस त्यौहार को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र के बीच सफर करते हैं। ऐसे में त्यौहार बीतने के बाद लौटने की तैयारी कर रहे यात्रियों को दर्जनभर ट्रेनें एक साथ रद्द होने से बड़ा झटका लगा है। बताया गया कि नागपुर मंडल में स्थित समपार फाटक संख्या 481 बोरतलाव दर्रेकसा एवं गुदमा गोंदिया स्थित समपार फाटक संख्या 504 ;991 20.22 रेलखंड पर आरएच गर्डर के डी.लॉन्चिंग कार्य के लिए 6 एवं 7 मार्च को ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के अंतर्गत 6 मार्च की रात 11 बजे से 7 मार्च की प्रातः 2 बजे तक डाउन लाइन पर 3 घंटे और 6 मार्च की रात 11 बजे से 7 मार्च की सुबह ढाई बजे तक अप लाइन पर 3 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक लिया जाएगा।

### इन ट्रेनों को भी किया रद्द

गाड़ी संख्या 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, गाड़ी संख्या 68713 गोंदिया नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, गाड़ी संख्या 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68715 बालाघाट नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू एवं गाड़ी संख्या 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी।



### आधे रास्ते चलेगी दो गाड़ियां

जहां 6 और 7 मार्च के बीच तकनीकी कार्य की वजह से 13 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं दो ट्रेनों के सफर में कटौती की गई है। इसमें गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 06 मार्च को दुर्ग बोरतलाव के बीच नियंत्रित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 18239 कोरबा-इतवारी एक्सप्रेस 06 मार्च को दुर्ग बोरतलाव के बीच नियंत्रित किया जाएगा।

### गोंदिया से रायपुर के बीच की ट्रेनें रद्द

गाड़ी संख्या 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू , गाड़ी संख्या 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू, गाड़ी संख्या 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू , गाड़ी संख्या 68744 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू 07 एवं 08 मार्च को रद्द रहेगी।



## खबर संक्षेप

### रेल ट्रेक के बीच मिला शव

**डोंगरगढ़।** एक अज्ञात व्यक्ति का शव जटकन्हार- डोंगरगढ़ स्टेशन के बीच पड़ा मिला है। शव की सूचना मिलने पर घटना स्थल का निरीक्षण करने पर पाया गया कि एक पुरूष जिसकी उम्र लगभग 45 से 50 वर्ष है दो पटरियों के मध्य नग्न अवस्था पड़ा था। उसका बांया हाथ धड़ से अलग व सिर कटा हुआ था। सिर का उपरी हिस्सा थोड़ी दूर पर पड़ा था। मृतक का कत्था रंग का पैंट व चप्पल व नीले रंग का फटा शर्ट को सुरक्षार्थ रखवाया गया है। मृतक के परिजनों का पता तलाश किया जा रहा है।

### शिशु मंदिर को दिया कम्प्यूटर



**डोंगरगांव।** पूर्व जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को कम्प्यूटर सेट देने की घोषणा की थी। घोषणा के परिपालन में सरपंच शरद वैष्णव ने कम्प्यूटर क्रय कर 5 मार्च को सरस्वती शिशु मंदिर आसरा को प्रदान किया। इस मौके पर जनपद पंचायत सदस्य अनिता पंचारी, सरपंच शरद वैष्णव, मुकेश साहू, डेरहादास साहू, शिवकुमार भक्ता, परमाराम साहू, नरेंद्रकुमार पंचारी, मदनलाल साहू, भागचंद साहू, तीरथराम कंवर, लखन लाल साहू, जनकलाल साहू, भगवानदास साहू, संतोष मिश्रा, पवन यादव, भागवत कंवर आदि उपस्थित थे।

### वनांचल के गांव हुए रौशन



**सड़क अतरिया।** अब तक बिजली की सुविधा से वंचित वनांचल के कुछ गांव भी रौशन होकर जगमगाएगा। ग्राम पंचायत कोपरो के आश्रित ग्राम ग्वालगुंडी में मंगलवार को पी एम जनमन योजना के तहत सिंगबोरा, ग्वालगुंडी, आमाटोला में विद्युतीकरण होने के पश्चात मंगलवार को उद्घाटन किया गया। कुछ माह पहले जिला प्रतिनिधि निजाम मंडावी ने विद्युत विभाग को आवेदन देकर वनांचल के करीब आधा दर्जन गांव में विद्युत पहुंचाने की बात कही थी। विभाग ने सक्रियता दिखाते हुऐ छुटे गांव में विद्युत पहुंचा दिया है। कार्यक्रम में विद्युत वितरण कंपनी के एमडी भीमसिंग कंवर, जिपं सभापति के प्रतिनिधि निजाम सिंह मंडावी, मुंजन यादव, पारस ठाकरे, पवारसिंह, सरपंच बुधलाल, ओमकार यादव, खेमचंद, अलेन मरकाम सहित अन्य मौजूद थे। जनमन योजना के तहत करीब आधा दर्जन गांव में विद्युत सुविधा मुहैय्या होने के बाद ग्रामीणों में खुशी की लहर है। यहां होली पर्व की खुशी दोगुना हो गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधि एवं विभाग का आभार जताया है।

### फाग गायन स्पर्धा में धनोरा मंडली विजेता



**पटेवा।** ग्राम पटेवा में जय मां शीतला फाग समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ स्तरीय फाग महोत्सव का आयोजन किया गया।इस प्रतियोगिता में 30 फाग मंडलियों ने भाग लिया। झांकी वर्ग में प्रथम दास विलास जय अंबे जस एवं फाग मंडली मुढीया, द्वितीय विद्या दायिनी फाग झांकी मंडली धनडोगरी, तृतीय शीतला के अचरा नदगहिया फाग झांकी मंडली पलादुर , चतुर्थ बालकृष्ण रामधुनी फाग मंडली बोईरडीह, पंचम दुलेराय जस झांकी मंडली अंजोरा रही। रचना वर्ग में प्रथम राधाकृष्ण सेवा फाग मंडली धनोरा, द्वितीय गुरूकृपा जस फाग मंडली आमटी, तृतीय समता सेवा फाग समिति सांकरा, चतुर्थ मनमोहना के सुरता निर्मल रिखी फाग मंडली बिरेझर, पंचम स्थान मां शारदा जस जगराता फाग मंडली रौदा धमधा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन किरण विनोद बारले, लक्ष्मी रविलाल वर्मा, विरेन्द्र हिरवानी, मिथलेश साहू, प्रमोद दुबे, ललित साहू, जेआर साहू, एलएल साहू, बहुरसिंह साहू, खेदुराम ढीमर, छेरकूराम यादव, रिखी राम देवांगन, रोहित धनकर, रोहित साहू, राजेश कुमार साहू की मौजूदगी में अहुआ । समापन समारोह में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, विवेक वासनिक, कविता वासनिक, नीलकंठ साहू, तुलसी योगेश्वर साहू, लक्ष्मी वर्मा, महेश्वरी देवांगन, टीआर हिरवानी, सुभाष साहू, अमृतलाल साहू, ठाकुरराम साहू, शामिल हुए। संचालन रामदिल वर्मा, रोहित निर्मलकर, रोशन साहू, ललित यदु ने किया।

### नीति आयोग के उपाध्यक्ष से मुलाकात



**डोंगरगढ़।** पूर्व आईएएस एवं भाजपा नेता गणेश शंकर मिश्रा ने गत दिनों नीति आयोग उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक विनोद खांडेकर उपस्थित होकर उन्हें बधाई दी।







### सुबह से देर रात तक गूंजे नंगाड़े, फाग गीतों में थिरकते नजर आए महिला-पुरुष

# होली पर बिखरे खुशियों के विविध रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगढ़

रंगो का त्योहार होली के दौरान लोगों में जमकर उत्साह देखने को मिला। 2 मार्च की रात को लोगों ने विधिवत होलिका दहन किया। 3 मार्च को सूतक के के कारण मंदिरों के पट बंद कर दिए गए। 4 मार्च को रंगोत्सव मनाया गया। स्थानीय जयस्तंभ चौक में पं त्रिलोकचंद दुबे ने होलिका पूजा अर्चना करवाकर विधिवत दहन किया। होलिका दहन के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिल कर बधाई दी।



शहर के जनप्रतिनिधियों एवं समाजिकजनों ने घुम घुम कर एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, तरूण हत्थेल, चंद्रप्रकाश मिश्रा, प्रकाश बिंदल, नितिन पचेरी, योगेश अग्रवाल, रामकृष्ण कन्नौजिया, शरद अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अनिल भूत, मुकेश भूत, हरिश भंडारी, गोपाल मानिकपूरी, बबलू संडिल्य, सीटूसिंग, शैलेष बक्षी आदि टोली के साथ घुम कर होली मनाया।



#### गौरा-गौरी की पूजा

होली के साथ नव विवाहितों ने ने कुंवारी लडकियों के साथ गौरा गौरी पूजन की शुरूआत की। 15 दिन तक चलने वाले इस परंपररिक आयोजन के दौरान रोजाना लडकियों का समूह बाग बगीचे और मंदिरों से जल लेकर गौरा गौरी को पानी चढाकर पूजा करेगी।

#### दफ्तरों में खुमारी

रविवार से गुरूवार तक अस्पताल को छोड कर अन्य विभाग में रौनक नही लौटी। शासकीय कार्यालय महज दिखावे के लिए खुले अवश्य किन्तु अधिकारी कर्मचारी नहीं पहुंचे। वन विभाग, मंडी, जनपद पंचायत, सिंचाई विभाग, महिला बाल विकास, कृषि विभाग, नगर पालिका, शिक्षा विभाग, विद्युत मंडल, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्या विभाग जैसे विभाग के कार्यलय भी नहीं खुले।

#### उल्लास से मनी होली

**सड़क अतरिया।** ग्रामीण इलाके में होली का पर्व उल्लास एवं भाई चारे के साथ मनाया गया। बुधवार की सुबह से नंगाडे की थाप गूंजने लगे थे। पर्व को लेकर बच्चों में खासा उत्साह बना रहा। सुबह सभी ने एक दूसरे पर गुलाल लगाया और गले मिलकर भाई चारे का संदेश दिया। पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, कामदेव जंघेल के निवास पर आयोजित होली मिलन में शामिल होकर बधाई दिया। जिला प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार, विजय वर्मा, जिपं सभापति ललित चोपड़ा, जनपद सभापति ज्योति जंघेल, डोमार सिंह, अंजु जंघेल भी अपनों के साथ होली मनाते नजर आए।

#### राशन दुकानदारों ने मनाया होली

**पटेवा।** पीडीएस संघ तहसील घुमका का होली मिलन समारोह सलोनी के साहू भवन में 2 मार्च को आयोजित किया गया जिसमें उचित मूल्य दुकान के संचालक शामिल हुए। समारोह में सहायक खाद्य अधिकारी दीपा वर्मा मुख्य अतिथि थी। बिक्रेताओं ने अधिकारी को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी।इस दौरान पीडीएस संघ के अध्यक्ष संतन बारले, शांति साहू, नीरदास साहू, बल्देव निषाद, हरेन्द्र साहू, भगवती साहू, संतोष, संतप्रसाद ठाकुर, पूनम यादव आदि उपस्थित थे।

#### राधा कृष्ण की निकली शोभायात्रा



**पटेवा।** प्राथमिक शाला रेंगाकठेरा में होली के दूसरे दिन बच्चों ने शिक्षकों के साथ होली खेली। आपस में रंग लगाकर रंगोत्सव का आनंद उठाया। ग्राम पटेवा सहित अंचल में भाई चारे और स्नेह का प्रतीक होली हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम के अनेक स्थानों पर पूजा अर्चना कर होलिका दहन किया गया। रंगोत्सव के दिन सुबह 5 बजे से भजन मंडली ने नगाड़े की थाप के साथ फाग गीत गाते हुए भगवान राधाकृष्ण की शोभायात्रा निकाली। भक्तों ने पूजा अर्चना किया। चौक चौराहों पर डाहकी का आयोजन किया गया। नगाड़े की थाप और फाग गीत के साथ बच्चे बुजुर्ग जवान उछलते कूदते नजर आए। महिलाओं ने भी होली खेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

## चिल्हाटी में विदेशी मदिरा दुकान खोलने की मंजूरी

**अंबागढ़ चौकी।** महाराष्ट्र सीमा पर स्थित चिल्हाटष्में ग्रामीणों की मांग पर शराब दुकान खोलने की मंजूरी मिल गई है। राज्य शासन ने चिल्हाटी में कम्पोजिट विदेशी मदिरा दुकान खोलने की स्वीकृति दी है। सरकार के इस निर्णय से न केवल चिल्हाटी बल्कि इसके आसपास के गांवो में शराब की अवैघ बिक्री पर रोक लगेगी।

चिल्हाटी में शराब दुकान नही होने से यह कस्बा शराब कोचियो का गढ बन गया था। चिल्हाटी सहित आस पास के गांवो में जगह जगह शराब का अवैध व्यापार हो रहा था। गांवो में पान दुकान, परचुन दुकानों में बेरोटोक शराब बिक रही थी। यहां दोगुने दाम पर शराब बेचा जा रहा था। चिल्हाटी के ग्रामीणों की मांग को देखते हुए ग्राम पंचायत ने भी शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव पारित किया था। यहां महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश की शराब दोगुने दाम पर बिक रहीं थी।

#### आबकारी सचिव से मिले अध्यक्ष

आबकारी विभाग की प्रमुख सचिव आर.संगीता से नगर अध्यक्ष अनिल मानिकपुरी ने मुलाकात कर चिल्हाटी की स्थितियो से अवगत कराते हुए शराब दुकान खोलने की मांग की थी। प्रमुख सचिव ने नगर अध्यक्ष को भरोसा दिलाया था कि जल्द से जल्द चिल्हाटी में शराब दुकान खोला जाएगा। और 23 फरवरी को शराब दुकान खोलने की मंजूरी दे दी है। इसी क्रम में मोहला में भी षराब दुकान खोलने की मंजूरी मिली है।

## वनांचल में निकाली मनरेगा बचाव पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरिया



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की उपस्थिति में पदयात्रा का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में आयोजित पदयात्र्रा का शुभारंभ मरकाकसा में महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना कर किया गया। मरकाकसा से यह यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरती हुई जोब पहुँची। यहां आमसभा के साथ समापन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सरकार द्वारा ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने, वित्तीय जिम्मेदारी का बोझ राज्यों पर डालने और कार्य उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक मनरेगा योजना में जनविरोधी परिवर्तन कर मजदूरों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाया जा रहा है। पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गलत परिवर्तन करके इसे कमजोर किया जा रहा है। जिन प्रावधानों के कारण ग्रामीणों को नियमित काम मिलता था, उन्हें जटिल प्रक्रियाओं से निष्प्रभावी बना दिया गया है।

#### आत्मनिर्भरता का प्रतीक

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस संग्राम को जन-जन तक पहुंचाया जाए और सरकार पर दबाव बनाया जाए। सभा को राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, अनीस खान, पूर्व ध्यक्ष रितेश जैन ने भी संबोधित किया।

#### ग्रामीण भी हुए शामिल

सभा का संचालन कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने किया । इस दौरान अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, सीमा यादव, शकील कुरैशी, रोशन रजक, भावेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, सुलेखा मरकाम, कन्हैया कोले, कुलदीप साहू, धनेंद्र कोठारी, पवन वैष्णव, ईश्वरी मेरी, कल्पना आदि मौजूद थे। अंत में मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

## फोटोकॉपी वाले कर रहे ग्राहकों से उगाही

**डोंगरगढ़।** तहसील मुख्यालय में फोटोकॉपी, प्रिंटआउट और सीएससी केंद्र संचालकों द्वारा मनमाने शुल्क वसूलने की शिकायतें मिल रही हैं। जानकारी के अनुसार बस स्टैंड और तहसील कार्यालय के आसपास एक दर्जन से अधिक सीएससी सेंटर, फोटोकॉपी की दुकानें संचालित हैं।

यहां प्रतिदिन सैकड़ों लोग नामांतरण, जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, राजस्व प्रकरण, न्यायालयीन दस्तावेजों की छायाप्रति तथा अन्य शासकीय कार्यों के लिए पहुंचते हैं। कई मामलों में दस्तावेजों की फोटोकॉपी, कंप्यूटर टंकण, स्कैनिंग या व्हाट्सएप से प्राप्त फाइलों का प्रिंटआउट लेना आवश्यक होता है, लेकिन मजबूरी का लाभ उठाकर अधिक शुल्क वसूल किया जा रहा है। एक-दो पन्नों की छायाप्रति, साधारण टंकण या ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट के लिए भी निर्धारित दर से अधिक शुल्क लिया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से सभी दुकानों में दर सूची चस्पा कराने की मांग की है।

## चाकू लहरा रहे युवक को दबोचा



**गंडई पंडरिया।** शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार होली के मौके पर गंडई में पुलिस व्यवस्था पहले से बेहतर रही। चौक चौराहों पर पुलिस की तैनाती देखने मिली हालांकि इस दौरान लड़ाई झगड़े की छुटपुट घटनाएं भी हुई परन्तु आपसी समझौता के चलते केस दर्ज नहीं हुआ। पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए धारदार हथियार के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ग्राम गोकना के अटल चौक पर आने-जाने वालों को चाकू दिखाकर डरा-धमका रहा था। जानकारी के अनुसार 4 मार्च को पुलिस टाउन एवं देहात पेट्रोलिंग पर निकले थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गोकना के अटल चौक के पास एक युवक हाथ में चाकू लेकर राहगीरों को आतंकित कर रहा है।

#### घेराबंदी, पकड़ाया आरोपी

सूचना की गंभीरता को लेते हुए पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुँची। गवाह प्रेमप्रकाश हिरवानी और बलदाऊ मंडावी की मौजूदगी में घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सुमीत श्रीवास पिता तारन श्रीवास निवासी गोकना बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद हुआ। चाकू की लंबाई 13 इंच है। पुलिस ने हथियार को जब्त करते हुए आरोपी सुमीत श्रीवास के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### 6 दिन में तीन मौतों से सहमा जैन समाज

# कपड़ा कारोबारी ने लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

होली की खुशियां तब मातम में बदल गई जब नगर के कपड़ा व्यापारी प्रशांत जैन (स्वप्निल) ने लोहे की चेन के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बीते छह दिन की अवधि में तीन की मौत होने से जैन समाज सकते में आ गया है।

नगर के प्रतिष्ठित प्रशांत होलसेल बाजार के संचालक 39 वर्षीय प्रशांत ( स्वप्निल) जैन कुछ समय से अस्वस्थ थे। नागपुर में उनका इलाज चल रहा था। होली के दिन सब कुछ सामान्य था। लोग रंग खेलने की शुरुवात कर ही रहे कि प्रशांत की मौत की खबर ने सबको हैरान कर दिया और देखते ही देखते होली की खुशियां मातम में बदल गई। सदर लाइन, बाजार एरिया में सन्नाटा पसर गया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोगों का जमावड़ा उनके निवास पर लग गया। स्व जैन अपने पीछे पत्नी प्रतिभा और दो बेटी पाखी 11 और विज्ञांशी 2 साल छोड़ गए हैं।

#### शोक में डूबा शहर



स्व जैन के आकस्मिक मौत की खबर से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। उल्लेखनीय है कि छह दिनों में जैन समाज के तीन की मौत हो चुकी है। इससे पहले 27 फरवरी को कवि और सेवानिवृत्त शिक्षक रमेश जैन राही का निधन हो गया था। एक दिन अंतराल बाद सेवानिवृत्त शिक्षक पवन जैन की धर्मपत्नी सरोज जैन और 4 मार्च को प्रशांत जैन का निधन हो गया। जानकारी के अनुसार 4 दिसंबर को कांग्रेस नेता देशराज जैन की बहन यशोदा जैन, 2 जनवरी को उनकी बेटी चन्द्रलता और 27 फरवरी को भाई रमेश जैन का निधन हो गया। इस बीच एक अन्य कारोबारी प्रेमचंद जैन का देहावसान हो गया था।

#### अंतिम विदाई

स्व जैन का अंतिम संस्कार बुधवार शाम को मुक्तिधाम में किया गया। उन्हें मुखाग्नि छोटे भाई सौरभ जैन ने दी। उनकी अंतिम यात्रा में जिपं के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, नपं उपाध्यक्ष रोहित गुप्ता, प्रफुल्ल जैन, प्रियंक जैन, सद्दाम खत्री, दिलीप नाहटा, अनिल टावरी, धरमचंद बोथरा, देशराज जैन, राजकुमार, विमल, सतीश जैन, सुनील टावरी, दीपक शर्मा, अजीत जैन, धर्मेंद्र जैन, रामकुमार गुप्ता, मनोज हेमनानी, प्रबोध, नारायण साहू, किशोर बोहरा, शीतल लोढ़ा, विकास शर्मा सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन, व्यापारी एवं जन प्रतिनिधि शामिल हुए।

#### अज्ञात की मौत

**डोंगरगढ़।** रेल्वे स्टेशन की चेकिंग दौरान सिटी बुकिंग काउंटर के पास एक बीमार व्यक्ति बैठा मिला, जिसे सांस लेने मे दिक्कत हो रही थी। उसे उपचार के लिए 112 से सीएचसी डोंगरगढ़ भेजा गया। डॉक्टर ने जांच के बाद पेण्ड्री राजनांदगाव रिफर कर दिया। उपचार के दौरान एसकी मौत हो गई। जीआरपी थाना डोंगरगढ़ मे मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## मनाया गया नवाज का जन्मदिन

**छुईखदान।** केंद्रीय सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष नवाज खान का जन्मदिन कांग्रेस कार्यालय में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। केक काटकर कार्यकर्ताओं ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर श्री खान ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह आप सभी का स्नेह है, जो हमें एक परिवार के रूप में कार्य करने और एक साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। रमजान का पवित्र महीना होने के बावजूद वह कार्यकर्ताओं से मिलने छुईखदान कार्यालय पहुंचे और सादगी के साथ केक काटकर सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष कोमल साहू, पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, रामकुमार पटेल, सज्जाक खान, आशु खान, भीम महोबिया, इशू दुबे, मनीष कोचर, प्रेम पाल, संजू नेताम, गिरधारी जंघेल सहित अन्य उपस्थित थे।

### दर्शनार्थियों एवं पदयात्रियों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# डोंगरगढ़ चैत्र नवरात्रि मेले में लगेगा निजी चिकित्सालय का निःशुल्क शिविर

## कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में चैत्र नवरात्रि पर्व के अवसर पर मां बम्लेश्वरी मंदिर डोंगरगढ़ में आयोजित मेले में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं एवं पदयात्रियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निजी चिकित्सालयों के संचालकों एवं प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर ने कहा कि 19 मार्च 2026 से प्रारंभ हो रहे चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान बड़ी संख्या में डोंगरगढ़ पहुंचने वाले दर्शनार्थियों एवं श्रद्धालुओं को स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों के साथ-साथ निजी चिकित्सालय भी सहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने सेवा पंडालों एवं प्रमुख मार्गों पर अस्थायी मेडिकल कैम्प, एम्बुलेंस सेवाएं और आपातकालीन ड्यूटी के लिए निजी चिकित्सालयों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि मेडिकल कैम्प की स्थापना प्रमुख मेला पंडालों में निजी चिकित्सालयों द्वारा की जाएगी, जहां प्राथमिक उपचार केन्द्र संचालित कर मेले के दौरान रोटेशन के आधार पर निजी चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ की ड्यूटी लगाई जाएगी। प्राथमिक उपचार एवं दवाई वितरण की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाएगी। साथ ही एम्बुलेंस सेवा आपात स्थिति के लिए निजी अस्पतालों की एम्बुलेंस मेला क्षेत्र के समीप तैनात रहेगी। इसी प्रकार बाइक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की जाएगी। कलेक्टर ने मानवीय दृष्टिकोण रखते निःशुल्क प्राथमिक उपचार एवं दवाई वितरण की सुविधा प्रदान करने की अपील की।



**48 संस्थाएं देंगी सेवाएं**

बैठक में बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा 24x7 कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। जिसके साथ निजी चिकित्सालयों का सीधा समन्वय रहेगा। 48 संस्थानों द्वारा सेवाएं प्रदान की जाएगी। बैठक में उपस्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुरूचि सिंह, संयुक्त कलेक्टर शीतल बंसल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, जिला आरसीएच नोडल अधिकारी डॉ. अल्पना लूनिया, जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार एवं अन्य जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# होली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ नगर में मनाया गया

- छिटपुट घटनाओं ने बिगाड़ी पुलिस व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

नगर में होली का त्योहार इस वर्ष उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। हालांकि कुछ स्थानों पर हुई छिटपुट घटनाओं के कारण पुलिस व्यवस्था पर सवाल भी खड़े हुए। बावजूद इसके नगर में होली का पर्व पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया।

ज्ञात हो कि होलिका दहन के दिन रात्रि ने कन्डरा पारा स्थित कुंवारी होली में राजा गिरिराज किशोर दास ने पूजा अर्चना कर होली जलाई, उसके बाद पूरे नगर उस होली की आग ले जाकर लोगो ने होली जलाई। ज्ञात हो कि यह परंपरा वर्षों पुरानी है जिसे आज भी मोहल्ले वासी तन्मयता के साथ मनाते है। मोहल्ले वासियों ने रहा के महल जाकर उनका अभिवादन किया और बजे गाजे के साथ होलिका दहन के लिए लेकर आए। होली के अवसर पर पूरे शहर में नगाड़ों की धूम रही और लोगों ने रंग-गुलाल के साथ एक-दूसरे को बधाई दी। नगर में आयोजित कुंवारी होली कार्यक्रम में राजा गिरिराज किशोर भी पहुंचे, जहां लोगों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ उत्सव मनाया।

वहीं कुछ उपद्रवी तत्वों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश भी की। जानकारी के अनुसार कुछ जगहों पर मारपीट की घटनाएं सामने आईं, जिसमें किसी का सिर फूटने तो किसी का हाथ टूटने की खबर मिली है। इन घटनाओं के कारण थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जिसमें दो गुटों के बीच जमकर मारपीट होने की खबर है। इसके बावजूद होली का जश्न अगले दिन भी जारी रहा और लोग एक-दूसरे के घर जाकर बधाई देते रहे। नगर के कई स्थानों पर खुलेआम शराब की बिक्री भी देखने को मिली, जिस पर प्रशासन की निगरानी को लेकर नगरवासियों के द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं।

**भाईचारा कायम रहे**

होली त्योहार को नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नम्रता गिरिराज किशोर दास ने कहा हमारे नगर में भाईचारा कायम रहे यही हमारी प्रेम व प्रतिष्ठा है। जहां एक ओर रमजान का महीना चल रहा है वही दूसरे होली का त्यौहार दोनों पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यही नगर की शान है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि त्योहार के दौरान सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी होनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

# पूर्व विधायक को बदनाम करने की साजिश

- लोधी समाज ने एसपी- कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एक समाचार पत्र एवं अन्य पोर्टल मिडिया ने पूर्व विधायक कोमल जंघेल के खिलाफ झूठा समाचार प्रकाशित कर उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया था। इस मामले को लेकर जिला लोधी समाज ने लोधी समाज के प्रदेश पदाधिकारी आदि के साथ पुलिस अधीक्षक और कलेक्टर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा आवेदन में सायबर रिपोर्ट को सार्वजनिक करने का आरोप लगाकर भी ज्ञापन सौपा गया है।

जिले भर से आए सामाजिकजनों ने खैरागढ़ के लाराबन लोधी समाज भवन मे एकत्र होकर पैदल एसपी पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। फिर कलेक्टर को ज्ञापन दिया गया। कार्यवाही नही होने पर प्रदेश लोधी समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम लोधी, तीरथ चंदेल, उत्तमचंद जंघेल, दशमत जंघेल, बनऊराम, गोवेंद पटेल, नंदकुमार चंदेल, भुवन बघेल, अवध जंघेल, दुर्जन जंघेल, सरुप वर्मा, हर्ष दसरिया, नंद बाबा, नारद वर्मा, संतोष वर्मा, ईश्वरी वर्मा, ओंकार लिल्लारे, नेता जी, डेरालाल, उत्तम वर्मा, हर्ष वर्मा, ज्योति जंघेल, जीवन चंदेल, रोहित जंघेल, ईश्वरी वर्मा, जोहन वर्मा, रोहित जंघेल, दिनेश वर्मा, प्रकाश जंघेल, डॉ नेतराम जंघेल, दूजेराम जंघेल, विपिन जंघेल, थानसिंग जंघेल, रमेश जंघेल, दिनेश वर्मा, ओंकार बघेल, द्वारका वर्मा, गोपाल वर्मा, सीताराम जंघेल, गोरेलाल वर्मा, गणेश वर्मा, प्रेमलाल जंघेल, बीरेंद्र वर्मा, कमलेश वर्मा, झूलेंद्व वर्मा, भरत वर्मा, मोहन वर्मा, अशोक जंघेल, अजय वर्मा, वीरेंद्र जंघेल, राजेंद्र शिवहरे, झाड़ू राम, रोशन जंघेल, अजेन दसरिया, मनीष वर्मा, सोहन जंघेल, तिलक जंघेल, प्रकाश वर्मा, रमेश जंघेल, तोरण जंघेल, संतोष जंघेल, समारु जंघेल, अवध जंघेल, विष्णु मंडल, गैंदलाल, तुका राम, दीनाराम, परमेश्वर, तोरण जंघेल, खेलन जंघेल, रविंद्र वर्मा, अनूप, जयराम जंघेल सहित अन्य मौजूद थे।



# फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र से नौकरी, सहायक शिक्षक सेवा से बर्खास्त

**राजनांदगांव।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास सिंह बघेल ने डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला घोरदा के सहायक शिक्षक विकास लाटा को फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र संबंधी प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं करने पर शासकीय सेवा से पृथक कर दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सहायक शिक्षक विकास लाटा के विरूद्ध विभागीय जांच संस्थित की गई थी। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में संबंधित कर्मचारी के विरूद्ध लगाया गया आरोप सिद्ध पाया गया है। विभागीय जांच में संबंधित कर्मचारी द्वारा फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रकरण में संतोषजनक अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया तथा जिला चिकित्सालय दुर्ग में चिकित्सीय परीक्षण हेतु निर्देशित किए जाने के बावजूद उपस्थित नहीं हुए। विभागीय जांच में तीन बार उपस्थित हेतु अवसर प्रदान किए जाने पर भी अनुपस्थित रहे। उपलब्ध अभिलेखों, जांच प्रतिवेदन तथा आरोपों की गंभीरता को दृष्टिगत रखते सहायक शिक्षक विकास लाटा को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के प्रावधानों के अंतर्गत शासकीय सेवा से पृथक किया गया है।

# तीरंदाजों ने 5 गोल्ड, 1 सिल्वर व 1 ब्राउन मेडल पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

- मिनी राज्य स्तरीय स्पर्धा में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

राजनांदगांव जिला पुलिस तथा अभिलेख अग्रहरि फाउंडेशन द्वार संचालित राह एकेडमी के नन्हें बच्चों ने रायपुर में अयोजित की गई मिनी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ दर्शन किया तथा 200 से अधिक बच्चों के बीच होने वाली प्रतियोगिता में राजनांदगांव का नाम रोशन करते उक्त प्रतियोगिता को अपने नाम किया। जिसके लिए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा, आरआई लोकेश कसेर, अभिलेख अग्रहरि वेल्फ़ेयर फाउंडेशन तथा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मनोज चौधरी द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकमनाएं दी गई।



**राज्य का करेंगे प्रतिनिधित्व**

यह बच्चे गुंटूर जिले में आंधप्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिसमें श्रेया चौरासिया स्वर्ण पदक, यशमित सिन्हा स्वर्ण पदक, यादव रूद्र यादव स्वर्ण पदक, सृष्टि चौरसिया स्वर्ण पदक, रेशमी यादव स्वर्ण पदक, मोनिका ठाकुर रजत पदक, प्रणव पांडे कांस्य पदक ने अपना नाम किया। पुलिस विभाग तथा अभिषेक अग्रहारी वेल फेयरफाउंडेशन के तरफ से निःशुल्क प्रशिक्षण बच्चों को दिया जाता है, जो लगभग 7 वर्ष से संचालित है। जिसमें हर वर्ष राष्ट्रीय और राज्य स्तर प्रतियोगिता में कई मेडल अपने नाम कर चुके हैं।

# रेत में दबी मिली युवक का शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिले के मानपुर विकासखंड के मदनवाड़ा थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब भैसाराटोला हल्बा पारा और चावरगांव के बीच स्थित नदी में एक अज्ञात युवक का शव संदिग्ध हालत में बरामद हुआ है। शव नदी किनारे रेत में कमर से ऊपर तक दबा हुआ मिला, जिससे प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। घटना की खबर फैलते ही आसपास के गांवों में दहशत और कौतूहल का माहौल बन गया है।

जानकारी के अनुसार ग्रामीणों को नदी किनारे तेज बदबू आने पर वहां पहुंचे, वहां कुत्ते रेत को खोद रहे थे, जिससे शव का कमर से पैर तक का हिस्सा बाहर दिखने लगा। जब ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो रेत में दबा हुआ शव नजर आया। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। चार मार्च को सूचना मिलते ही मदनवाड़ा थाना पुलिस बद मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना किया। पांच मार्च को पुलिस ने फॉरेंसिक साइंस लैब एफएसएल की टीम को भी मौके पर बुलाया, जिन्होंने साक्ष्य एकत्र कर जांच शुरू की। शव को रेत से बाहर निकालकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। प्रारंभिक जांच में मृतक की उम्र करीब 20 से 30 वर्ष के बीच बताई जा रही है। पोस्टमार्टम और फॉरेंसिक जांच के आधार पर यह आशंका जताई जा रही है कि युवक की गमछा से गला घोंटकर हत्या की गई है और सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को नदी के अंदर रेत में दबा दिया गया। मदनवाड़ा थाना प्रभारी खोमन भंडारी ने बताया कि शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा है।

**मृतक की शिनाख्ती नहीं**

पुलिस अज्ञात मृतक की शिनाख्त के प्रयास कर रही है और अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के गांवों में पूछताछ कर रही है और लापता व्यक्तियों की जानकारी भी जुटाई जा रही है, ताकि मृतक की पहचान हो सके और घटना के पीछे के कारणों का पता लगाया जा सके, वहीं इस सनसनीखेज घटना के बाद क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों का सम्मान

**राजनांदगांव।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण अंतर्गत छुरिया विकासखंड के ग्राम घुपसाल में जिले के अंदर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रीष्मकालीन धान के बदले 100 प्रतिशत मक्का फसल में परिवर्तन कर जल संवर्धन फसल परिवर्तन उत्कृष्ट कार्य के लिए किसानों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सदस्य ओमप्रकाश चंद्रवंशी, ग्राम पंचायत सरपंच नरेश शुक्ला, क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी सुदेश पटेल, कृषि विभाग के गौरीशंकर सहीश, डॉ. विकास सिंह, एबीस कंपनी के एक्जिक्यूटिव मैनेजर, प्रयाण टेरेटरी दुर्ग के मैनेजर सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जाति प्रमाण पत्र जारी करने संभागायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**राजनांदगांव।** राज्यों के पुनर्गठन के उपरांत अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी किए जाने के संबंध में जाति प्रमाण पत्र संघर्ष मोर्चा एवं बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल ने 24 फरवरी को संभागायुक्त दुर्ग से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग (नियम शाखा), मंत्रालय के पत्र क्रमांक जीएडी/5788/2025 नियम-3 नवा रायपुर अटल नगर 8 जनवरी 2026 तथा भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के पत्र क्रमांक एफ-नं.-1207/3/2024-एससी डॉ. आंबेडकर नगर नई दिल्ली 10 जून 2025 का हवाला दिया गया।



इस अवसर पर जाति प्रमाणपत्र संघर्ष मोर्चा के प्रदेश संयोजक रविन्द्र रामटेके, बौद्ध कल्याण समिति के अध्यक्ष राजू बारमाटे, डॉ. केएल टांडेकर, डीपी लोनहरे, दीपक कोटांगले, एमके ऊके, अमर सिंह वासनिक, किशोर, पीयूष ऊके, नीलेश ठावरे सहित बौद्ध कल्याण समिति राजनांदगांव एवं संघर्ष मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**छत्तीसगढ़ का निवासी होना अनिवार्य**

प्रतिनिधियों ने अवगत कराया कि छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में राष्ट्रपति द्वारा जारी अधिसूचना 01 नवंबर 2000 से प्रभावशील है (सलग्न-04)। इससे यह स्पष्ट होता है कि छत्तीसगढ़ राज्य में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु संबंधित व्यक्ति का 1 नवंबर 2000 की स्थिति में छत्तीसगढ़ राज्य का निवासी होना अनिवार्य है। अतः वर्ष 2000 की कट-ऑफ तिथि के आधार पर राज्य के सभी जिला दंडाधिकारियों को अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश देने का निवेदन किया गया।

## पेयजल, वार्ड विकास एवं राजस्व वसूली के संबंध में की चर्चा

# महापौर ने बाबूटोला, ढाबा में किया पैदल भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड निरीक्षण की कड़ी में महापौर मधुसूदन यादव शहर के शीर्ष वार्ड बाबूटोला, पुराना ढाबा एवं नया ढाबा में पैदल भ्रमण कर वार्डवासियों से पानी सफाई के साथ-साथ वार्ड विकास के संबंध में चर्चा की। बाबूटोला में पानी की समस्या पर महापौर श्री यादव ने बोर में पंप लगाकर टंकी से पानी सप्लाई के लिए कार्रवाई करने जल विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। इसी प्रकार बंद आंगनबाड़ी को मरम्मत कर चालू कराने कहा। इसी प्रकार नया ढाबा, पुराना ढाबा भ्रमण के दौरान नया ढाबा में पानी की समस्या को देखते तीन जगह बोरिंग में सब-मर्सिबल व टंकी लगाने तथा पुराना ढाबा में जहां-जहां पानी नहीं आ रहा है, उन जगहों पर निरीक्षण कर पानी सप्लाई करने इंटर कनेक्शन करने के निर्देश दिए।



**समय सीमा में निर्माण पूर्ण करने दिए निर्देश**

महापौर श्री यादव विकास कार्य के तहत ढाबा में निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण कर कार्य में प्रगति लाकर गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण कराने तथा स्वीकृत भवन निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नया ढाबा में मैदान निरीक्षण कर सर्वसुविधायुक्त कबड्डी मैदान निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार करने तकनीकी अधिकारी को निर्देशित किया, जिसे स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जा सके। उन्होंने नया ढाबा में मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत निर्मित दुकानों का अनुबंध करने एवं किराया चालू कराने राजस्व अधिकारी राजेश तिवारी को निर्देशित किया। वार्डवासियों से चर्चा कर महापौर ने कहा कि वार्ड की सभी समस्या का प्राथमिकता से निराकरण किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान पार्षद प्रतिनिधि सचिन टुरहाटे, खेमलाल साहू, सुरेश साहू, सूरज साहू, रमेश साहू, नारायण साहू, पन्ना साहू, कबीर साहू, गजेन्द्र योगश साहू, लेखचंद साहू, प्रेमा सोनकर, अगस्यबाई यादव, लीला साहू सहित अन्य नागरिकगण के अलावा प्र.कार्यपालन अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र.सहायक अभियंता सुषमा साहू, उप अभियंता अनुप पांडे व आयुषी सिंह उपस्थित थे।

# बच्चों के लिए तिथि भोजन का आयोजन

**राजनांदगांव।** छुरिया विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम रानीतलाब के आंगनबाड़ी केन्द्र में वजन तिहार के अवसर पर बच्चों के लिए मां अम्बे स्वसहायता समूह द्वारा तिथि भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समूह द्वारा बच्चों के लिए पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन में चावल, दाल, आलू-मटर की सब्जी, सेवई, पूड़ी, सलाद की व्यवस्था की गई। मां अम्बे स्वसहायता समूह की अध्यक्ष सलेन्द्री महानदिया एवं अन्य सदस्यों द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों के लिए आयोजित तिथि भोजन समुदाय की सक्रिय सहभागिता, बच्चों के प्रति समुदाय की जिम्मेदारी, सहयोग एवं सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण पहल है।

# पुलिस की दबिश, ढाबा से 7 पेटी शराब जब्त

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत शुष्क दिवस पर डोंगरगांव पुलिस ने एक ढाबा में दबिश देकर 7 पेटी शराब बरामद कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत 4 मार्च को पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि भारत ढाबा अमलीडीह का संचालक निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा 34 वर्ष मटिया रोड डोंगरगांव अपने भारत ढाबा में अवैध रूप से अधिक मात्रा में शराब रखकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते थाना डोंगरगांव पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया।

**पुलिस ने की कार्रवाई**

आरोपी का नाम पूछने पर स्वयं का नाम निजामुद्दीन अंसारी ऊर्फ राजा 34 वर्ष मटिया रोड डोंगरगांव बताया। बरामद शराब को मौके पर पंचनामा तैयार कर विधिवत जब्त किया गया। इस कार्रवाई में निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर थाना प्रभारी डोंगरगांव, प्रधान आरक्षक बृजमोहन यादव, आरक्षक बीसराम वर्मा एवं दीपक जाटवर, महिला आरक्षक राजकुमारी रत्नाकर की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

आरोपी के कब्जे से 320 नग देशी प्लेन शराब शोले कीमती 25,600 रुपए एवं 16 पौवा अंग्रेजी शराब ग्रीन लेबल ब्रांड कीमती 3200 रुपए कुल 336 पौवा कीमती 28,800 रुपए जब्त की गई।

कांग्रेस नेताओं के साथ रहवासियों ने सौंपा ज्ञापन

# बस्ती तोड़ने निगम की नोटिस सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बीच गौरवपथ के समीप वार्ड क्रमांक 39 रमन नगर बांसपाईपारा झुग्गी झोपड़ी क्षेत्र के लोगों ने आज कांग्रेस नेताओं के साथ नगर निगम पहुंचकर यहां बस्ती तोड़े जाने दिए जा रहे नोटिस का विरोध करते सामूहिक आत्मदाह की चेतावनी दी। पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री, शरद पटेल सहित कांग्रेसी नेताओं के साथ पहुंची महिलाओं ने कहा कि लगभग 40 वर्षों से वह शासकीय नर्सिंग हॉस्टल के पीछे स्थित रमन नगर में निवासरत है। नगर निगम के माध्यम से उनके मकान को तोड़ने नोटिस जारी किया जा रहा है। जिससे सभी परिवार आहत हैं।

ज्ञापन देने नगर निगम पहुंची महिलाओं ने बताया कि नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री आवास योजना, नगर पालिक निगम से नोटिस जारी कर यहां निवासरत सभी परिवारों को यहां से हटाकर कहीं दूसरे जगह व्यवस्थापन करने नोटिस दिया जा रहा है। जबकि यहां निवासरत सभी परिवार नगर निगम को समस्त कर देते हैं। यहां नगर निगम द्वारा विभिन्न मदों से सीमेंट कांक्रीट रोड, नाला निर्माण, पेयजल के लिए पाईप लाइन बिछाई गई है।



## रहवासी परेशान

ज्ञापन सौंपने नगर निगम पहुंची सुशीला, त्रिवेणीबाई देवांगन, उर्वशी ढीमर, विमला, रमला ढीमर, सविता ढीमर, शांतिबाई निषाद, सत्यभामा, सस्वती धीवर व अन्य महिलाओं ने अपने ज्ञापन में कहा कि बार-बार नगर निगम से बस्ती तोड़ने नोटिस आ रहा है। जिससे सभी मानसिक रूप से परेशान हैं।

## बलपूर्वक हटाने नोटिस से आक्रोश

यहां झुग्गी झोपड़ियों में निवासरत परिवारों को पट्टा देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने का आश्वासन भी दिया गया, लेकिन अब इन्हें यहां से हटाए जाने नोटिस जारी किया गया है। जिसको लेकर सभी परिवारों में आक्रोश है। उक्त नोटिस में बलपूर्वक हटाने की धमकी भी दी गई है। पूर्व पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि प्राइवेट जमीन के लोगों को लाभ दिलवाने नगर निगम द्वारा इन्हें हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यहां निवासरत लोगों को नोटिस देना गलत है। उन्होंने मांग करते कहा कि यहां के सभी परिवारों को पट्टा देकर आवास योजना का लाभ दिया जाए।

# होली पर्व में रही जिले में तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था, शांति से मना रंगों का त्यौहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में होली का त्यौहार इस वर्ष अत्यंत शांति, सौहार्द्र और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। एसपी अंकिता शर्मा के नेतृत्व में पुलिस द्वारा किए गए व्यापक सुरक्षा प्रबंधों तथा जिलेवासियों एवं मीडिया बंधुओं के सहयोग से यह पर्व पूर्णतः शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

होली पर्व को दृष्टिगत रखते पुलिस द्वारा पूर्व से ही व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई थी। इसके तहत वृहद स्तर पर शांति समिति की बैठकें, व्यापारी संघ के साथ बैठक, डीजे संचालकों की बैठक सहित विभिन्न वर्गों के साथ संवाद स्थापित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस की तैयारियों का आगाज फ्लैग मार्च के माध्यम से किया गया। जिसके द्वारा आमजन को सुरक्षा का संदेश दिया गया।



## शहर में 700 जवान रहे तैनात

इस वर्ष 02 मार्च को होलिका दहन से लेकर 05 मार्च तक लगातार पुलिस बल सड़कों पर तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था के तहत जिले में 700 जवान, 100 फिक्स्ड पॉइंट, 52 पेट्रोलिंग वाहन, प्रत्येक थाना क्षेत्र में 4-4 पेट्रोलिंग वाहन तथा गजेटेड अधिकारियों द्वारा निरंतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था की गई। इसके अतिरिक्त 20 "बाज़ टीम" (बाइक पेट्रोलिंग टीम) भी सक्रिय रूप से तैनात रही। जिनके द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी गई।

## पुलिसकर्मियों को ईनाम देने की घोषणा

शहर एवं जिले के अन्य क्षेत्रों में संध्याकालीन प्रायः दुकानें खुली। साथ ही लोग अपने परिवार के साथ तथा महिलाएं एवं लड़कियां भी सहजता के साथ शाम को सड़कों पर होली का उत्सव मनाते देखी गई, जो कि पुलिस की सफलता को दर्शाता है। पर्व के दौरान ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस बल के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें ईनाम देने की घोषणा की गई है।

## नशे की हालत में वाहन चलाने वालों पर एक्शन

पिछले चार दिनों के दौरान कंट्रोल रूम राजनांदगांव द्वारा प्रत्येक घंटे सभी पेट्रोलिंग वाहनों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों की रियल-टाइम लोकेशन मॉनिटर की जाती रही। साथ ही होली पर्व को ध्यान में रखते हुए बनाए गए विशेष व्हाट्सएप समूहों के माध्यम से तैनात बल द्वारा लगातार खैरियत रिपोर्ट प्रेषित की जाती रही। यातायात पुलिस एवं विभिन्न प्वाइंट्स पर तैनात बल द्वारा संध्याकालीन ड्रंक ड्राइविंग पर विशेष कार्रवाई करते हुए नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चालकों के वाहन जब्त कर थानों में खड़े किए गए। साथ ही तीन सवारी वाले दोपहिया वाहनों को भी थानों में खड़ा कर आवश्यक समझाइश के बाद शाम को लौटाया गया।

## दो पहिया वाहन की ठोकर से युवक गंभीर

सड़क अतरिया। ग्राम सड़क अतरिया में गुरुवार की शाम एक दो पहिया वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए सड़क किनारे खड़े युवक को जोरदार ठोकर मार दिया। जिससे युवक को गंभीर चोंट आई है। जिसका गंड़ई चिकित्सालय में प्राथमिक उपचार कर कवर्धा रिफर कर दिया गया है।

गुरुवार की शाम प्रवीण वर्मा पिता भगवती वर्मा 40 वर्ष वार्ड क्रमांक एक में स्थित रजक दुकान के सामने खड़ा था, तभी शाम करीब सवा 8 बजे वाहन क्रमांक सीजी-08-एपी 3254 घिरघोली से नर्मदा की ओर जा रहा था। जिसने लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते दुकान के सामने खड़े प्रवीण वर्मा को जोरदार ठोकर मार दिया। वाहन चालक धरमु धर्मेन्द्र पटेल नशा में धुत्त था। ठोकर से युवक के पैर व हाथ पर गंभीर चोंट आई। दोनों युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# पांच साल पहले मिली थी अधजली लाश जांच पड़ताल के बाद हत्या का केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

मोहगांव पुलिस ने एक पुराने मर्ग मामले की सूक्ष्म जांच करते अंधेकत्ल की गुत्थी सुलझाने में सफलता पाई है। साल 2021 के एक मर्ग की विवेचना के दौरान चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छिपाने का मामला दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दिसंबर 2021 में ग्राम जीराटोला के पास चमराखोली जंगल के पहाड़ी किनारे एक अज्ञात मानव खोपड़ी और हड्डियों के अवशेष मिले थे। सूचना पर पुलिस ने मामला कायम किया था। शव बुरी तरह जल चुका था। जिससे उसकी पहचान नहीं हो पाई थी।

## अज्ञात आरोपी पर एफआईआर दर्ज

पुलिस ने जांच के आधार पर पाया कि यह प्राकृतिक मौत नहीं, बल्कि एक सुनियोजित हत्या है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 302 एवं 201 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## विवेचना जारी

पुलिस अब उन कड़ियों को जोड़ रही है। जिससे मृतिका की पहचान हो सके। पिछले कुछ वर्षों में लापता हुई युवतियों के रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपी की शिनाख्त कर उसे सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

## जांच में हुआ हत्या का खुलासा

मोहगांव थाना में पदस्थ सउनि महेंद्र यादव द्वारा मर्ग डायरी, पंचनामा, पीएम रिपोर्ट और गवाहों के बयानों का बारीकी से अवलोकन किया गया। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि घटनास्थल पर संघर्ष के निशान मौजूद थे। अज्ञात युवती जिसकी उम्र लगभग 21 से 25 वर्ष की थी, हत्या कहीं और की गई या उसी स्थान पर की गई थी। साक्ष्य मिटाने की नीयत से शव को बुरी तरह जला दिया गया था, ताकि उसकी पहचान न हो सके।










हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 7 मार्च 2026



# होली पर्व के दो दिनों में सात करोड़ की शराब गटक गए मदिराप्रेमी

## चार मार्च को बंद रही दुकानें, 3 और 5 मार्च को दिखी शराब लेने दुकानों के बाहर कतारें

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली के त्यौहार में मदिराप्रेमियों की शराब को लेकर दिवानगी देखने को मिली। राज्य शासन द्वारा होली के दिन शराब दुकानों को बंद रखने के निर्देश बाद पर्व से एक दिन पहले ही दुकानों के बाहर लंबी कतारें देखने को मिली। आलम यह रहा कि आम दिनों के मुकाबले होली से एक दिन पहले जिले में शराब की तीन गुना बिक्री देखने को मिली। इतना ही नहीं होली के बाद जब दूसरे दिन दुकानें खुली तो भी मदिराप्रेमियों ने जमकर शराब की खरीदी की है।

उल्लेखनीय है कि इस साल की शुरूआत में प्रदेश सरकार ने आबकारी नीति में बदलाव करते होली के दिन शराब दुकान चालू रखने के आदेश जारी किए थे, लेकिन विरोध के बाद प्रदेश सरकार ने अपना आदेश वापस लेते हुए होली वाले दिन दुकानें बंद रखने का ऐलान किया। ऐसे में चार मार्च को मनाए जाने वाली होली से ठीक पहले 3 मार्च को जिले ने शराब बिक्री का रिकॉर्ड बना दिया। आलम यह रहा कि आम दिनों के मुकाबले तीन गुना तक शराब बिक्री देखने को मिली। शराब दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। इस दिन सिर्फ एक दिन में करीब 5 करोड़ रुपए की शराब की बिक्री हो गई। आबकारी विभाग के अनुसार आम दिनों में जिले में शराब की बिक्री औसतन एक से डेढ़ करोड़ रुपए के बीच रहती है, लेकिन होली त्यौहार के कारण लोग ज्यादा खरीददारी कर रहे थे, इसलिए बिक्री सीधे 5 करोड़ रुपए तक पहुंच गई। होली पर देशी की तुलना में विदेशी अंग्रेजी शराब की डिमांड अधिक रहती है। विशेषकर मध्यम दर्जे के चर्चित ब्रांड और गोवा स्टैंडर्ड जैसी श्रेणियों के लिए विभाग ने विशेष स्टोर व्यवस्था की है।

### दूसरे दिन भी जमकर बिक्री

छत्तीसगढ़ में 4 मार्च को होली के अवसर पर शराब की दुकानें बंद थी। ऐसा भी नहीं है कि केवल होली से पहले शराब दुकानों में भीड़ देखने को मिली हो। कई लोगों ने पहले से स्टॉक जमा कर रखा था, पर जिन लोगों के पास स्टॉक खत्म हो गया, वे अगले दिन का इंतजार करते रहे और जैसे ही 5 मार्च को दुकानें खुली वैसे ही लोगों की भीड़ भी उमड़ पड़ी। लोग शराब दुकानों में कतार लगाकर पसंदीदा शराब खरीदते नजर आए। विभाग के मुताबिक 5 मार्च को भी लगभग पौने तीन करोड़ की शराब बिकी है।



### जिले में 18 सरकारी दुकानें, सभी में रिकार्ड शराब बिक्री

ज्ञात हो कि जिले में कुल 18 शराब दुकानें है। इनमें 16 कम्पोजिट दुकानें हैं, जहां देशी और विदेशी दोनों तरह की शराब मिलती है। वहीं दो प्रीमियम शराब दुकानें है। इन दुकानों में आम दिनों में एक से डेढ़ करोड़ रुपए की शराब बिक्री होती है, लेकिन 3 मार्च को जिले में 5.60 करोड़ की शराब बिकी। वहीं 5 मार्च को बिक्री पौने तीन करोड़ के करीब रही।

## दो दिन तक दिखा होली का जश्न, बच्चों में दिखा अधिक उत्साह, चप्पे-चप्पे पर दिखी पुलिस

# अंचल में दिखी रंगोत्सव की धूम होली में जमकर उड़े रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

### शहर से लेकर ग्रामीण अंचल तक शांतिपूर्ण रहा होली पर्व





होली पर्व को शांति, सौहार्द्र और भाईचारे के साथ मनाने के लिए इस वर्ष पुलिस की तगड़ी व्यवस्था नजर आई। होली पर्व से पूर्व जहां शहर में फ्लैग मार्च निकाला गया। वहीं होली और होली के दूसरे दिन जगह-जगह पुलिस बल तैनात रही। दो दिनों तक पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी लगातार विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करती रही। वहीं सिविल ड्रेस में भी पुलिस जवानों की हुड़दंगियों पर नजर रही। जिसके चलते छूटपुट मामलों को छोड़ दिया जाए तो शहर में शांतिपूर्ण होली का पर्व संपन्न हुआ।

होली का पर्व शहर में धूमधाम से मनाया गया। शहर के विभिन्न गली-मोहल्लों और चौक-चौराहों में होली का उत्साह नजर आया। सभी ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। शहर के अलग-अलग क्षेत्र में युवाओं की टोली होली खेलते नजर आई। बच्चों सहित युवाओं ने राहगीरों पर रंग डालकर बुरा ना मानो होली है, कहकर होली का उत्साह मनाया। शहर के कुछ क्षेत्रों में पुरानी परंपरा के अनुरूप नगाड़े की धुन पर फाग गीतों के साथ होली का पर्व मनाया गया। यहां मोहल्ले के लोग एकत्रित हुए और फाग गीतों पर झूमते हुए होली खेली। होली के अवसर पर रंग, गुलाल और पिचकारियों की भी जमकर खरीदी हुई। मुखौटों पर पुलिस की कड़ाई होने के चलते इस बार होली में हुलिया बदलकर घूमने वाले कम नजर आए।

## तीसरे दिन मनी पुलिस की होली, फाग गीतों पर झूमे



होली के अवसर पर शांतिपूर्ण त्यौहार संपन्न करने के लिए दो दिनों तक शहर की चाक चौबंद व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मियों ने तीसरे दिन होली पर्व का उत्साह मनाया। शहर के विभिन्न पुलिस थानों और पुलिस चौकी में होली खेलने की व्यवस्था की गई थी, जहां फाग गीतों पर झूमते हुए पुलिस के अधिकारी-कर्मचारियों ने एक-दूसरे पर रंग लगाकर जमकर होली खेली।शहर के कोतवाली थाना, बसंतपुर थाना और ट्रैफिक थाना परिसर में होली का उत्साह नजर आया। यहां टीआई, एसआई, एएसआई, प्रधान आरक्षक सहित पुलिस जवान एक साथ थिरकते नजर आए। होली पर्व को लेकर पुलिस जवानों में खासा उत्साह नजर आया। दो दिनों तक ड्यूटी करने के बाद आज पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने थाना परिसर में होली खेली। फाग और फिल्मी होली गीतों के बीच झूमते हुए पुलिस कर्मियों ने जमकर रंग-गुलाल उड़ाया। महिला पुलिस कर्मियों में भी होली का उत्साह नजर आया। महिला कर्मचारियों ने भी एक-दूसरे पर रंग लगाकर होली का उत्साह मनाया।

### वाद-विवाद, दो पर कार्रवाई

राजनांदगांव। होली पर्व के दौरान अशांति फैलाने के मामले में सुरगी पुलिस ने सचिन चंद्रवंशी 30 वर्ष व राजेंद्र सोनवानी 50 वर्ष के विरुद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया।


संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा

हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365


# भगवान राधा कृष्ण के संग भक्तों ने खेली होली, निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष की श्री सत्यनारायण मंदिर से भगवान राधा-कृष्ण अपने भक्तों के साथ होली खेलने निकले। रंगोत्सव के अवसर पर श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस शोभायात्रा में महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा सहित बड़ी संख्या में शहर के गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

शहर में लगभग 34 वर्षों से होली पर्व के अवसर पर मथुरा, वृंदावन की तर्ज पर शोभायात्रा निकाली जाती है । यहां सादगी, सद्भाव और भक्ति पूर्ण वातावरण में होली का उत्साह सभी एक साथ मनाने के लिए यह आयोजन किया जाता है। होली पर्व पर निकली शोभायात्रा में शामिल होने पहुंचे महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने भगवान राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना कर जमकर रंग खेला और शहरवासियों को होली पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



शोभायात्रा शहर के भारतमाता चौक, हलवाई लाइन, मानव मंदिर चौक, आजाद चौक, तिरंगा चौक, ठेठवारपारा सहित प्रमुख चौक-चौराहों से होकर गुजरी। वहीं शोभायात्रा सत्यनारायण मंदिर पहुंचकर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा के दौरान सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। लोगों ने भगवान राधा -कृष्ण के भजनों में झूमते हुए जमकर होली का उत्साह मनाया। इस दौरान जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत करते हुए ठंडाई वितरण किया गया।

### वर्ष 1992 से निकल रही शोभायात्रा

होली के अवसर पर शहर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा में प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जाता है। यहां टिसू के फूल से रंग बनाकर होली खेली जाती है। वहीं झांकी के माध्यम से नगरवासियों पर रंग बरसाया जाता है। इसके लिए मंदिर समिति द्वारा एक दिन पहले ही अपनी तैयारी पूरी कर ली जाती है। मंदिर समिति के अशोक लोहिया ने बताया कि श्री सत्यनारायण मंदिर का लगभग 150 वर्ष से अधिक पुराना इतिहास है। वर्ष 1992 से यहां होली पर शोभायात्रा निकाली जा रही है।






## पर्व के बीच ट्रेन रद्द होने से बढ़ी यात्रियों की दिक्कतें

# बोरतलाव और दर्रेकसा में डी-लांचिंग कार्य, दर्जनभर पैसेंजर ट्रेनें दो दिन रद्द

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

होली त्यौहार के बीच जहां लोगों को आवागमन के लिए ट्रेनों का सहारा होता है। वहीं दर्रेकसा और बोरतलाव के बीच डी-लांचिंग कार्य के चलते दो दिनों तक दर्जनभर एक्सप्रेस एवं पैसेंजर ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। इन ट्रेनों में गोंदिया को रायपुर से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण ट्रेनें शामिल है। जिसके चलते लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है।

उल्लेखनीय है कि चार मार्च को देशभर में होली का त्यौहार मनाया गया है। इस त्यौहार को देखते हुए बड़ी संख्या में लोग छत्तीसगढ़ से महाराष्ट्र के बीच सफर करते हैं। ऐसे में त्यौहार बीतने के बाद लौटने की तैयारी कर रहे यात्रियों को दर्जनभर ट्रेनें एक साथ रद्द होने से बड़ा झटका लगा है। बताया गया कि नागपुर मंडल में स्थित समपार फाटक संख्या 481 बोरतलाव दर्रेकसा एवं गुदमा गोंदिया स्थित समपार फाटक संख्या 504 ;991 20.22 रेलखंड पर आरएच गर्डर के डी.लॉन्चिंग कार्य के लिए 6 एवं 7 मार्च को ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक लिया जाएगा। इस कार्य के अंतर्गत 6 मार्च की रात 11 बजे से 7 मार्च की प्रातः 2 बजे तक डाउन लाइन पर 3 घंटे और 6 मार्च की रात 11 बजे से 7 मार्च की सुबह ढाई बजे तक अप लाइन पर 3 घंटे 30 मिनट का ब्लॉक लिया जाएगा।

### इन ट्रेनों को भी किया रद्द

गाड़ी संख्या 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, गाड़ी संख्या 68713 गोंदिया नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, गाड़ी संख्या 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68715 बालाघाट नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू एवं गाड़ी संख्या 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी।



### आधे रास्ते चलेगी दो गाड़ियां

जहां 6 और 7 मार्च के बीच तकनीकी कार्य की वजह से 13 ट्रेनों को रद्द कर दिया गया है। वहीं दो ट्रेनों के सफर में कटौती की गई है। इसमें गाड़ी संख्या 18109 टाटानगर-इतवारी एक्सप्रेस 06 मार्च को दुर्ग बोरतलाव के बीच नियंत्रित किया जाएगा। गाड़ी संख्या 18239 कोरबा-इतवारी एक्सप्रेस 06 मार्च को दुर्ग बोरतलाव के बीच नियंत्रित किया जाएगा।

### गोंदिया से रायपुर के बीच की ट्रेनें रद्द

गाड़ी संख्या 68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, गाड़ी संख्या 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, गाड़ी संख्या 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू, गाड़ी संख्या 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। ऐसे ही गाड़ी संख्या 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, गाड़ी संख्या 68744 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू 06 एवं 07 मार्च को रद्द रहेगी। गाड़ी संख्या 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू 07 एवं 08 मार्च को रद्द रहेगी।

# वनांचल में निकाली मनरेगा बचाव पदयात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विपिन यादव की उपस्थिति में पदयात्रा का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छुरिया के नेतृत्व में आयोजित पदयात्रा का शुभारंभ मरकाकसा में महात्मा गांधी की पूजा-अर्चना कर किया गया। मरकाकसा से यह यात्रा विभिन्न ग्रामों से गुजरती हुई जोब पहुँची। यहां आमसभा के साथ समापन किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि सरकार द्वारा ग्राम सभा के संवैधानिक अधिकारों को समाप्त करने, वित्तीय जिम्मेदारी का बोझ राज्यों पर डालने और कार्य उपलब्ध न होने पर बेरोजगारी भत्ते के प्रावधान को निष्प्रभावी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कांग्रेस सरकार की ऐतिहासिक मनरेगा योजना में जनविरोधी परिवर्तन कर मजदूरों की रोजी-रोटी पर चोट पहुंचाया जा रहा है। पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने कहा कि कांग्रेस की मनरेगा योजना में गलत परिवर्तन करके इसे कमजोर किया जा रहा है। जिन प्रावधानों के कारण ग्रामीणों को नियमित काम मिलता था, उन्हें जटिल प्रक्रियाओं से निष्प्रभावी बना दिया गया है।

### ग्रामीण भी हुए शामिल

सभा का संचालन कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू ने किया। इस दौरान अशोक फड़नवीस, हेमू सोनी, सीमा यादव, शकील कुरैशी, रोशन रजक, भावेश सिन्हा, पुष्पा सिन्हा, एकनाथ सिन्हा, सुलेखा मरकाम, कन्हैया कोले, कुलदीप साहू, धनेंद्र कोठारी, पवन वैष्णव, ईश्वरी मेरी, कल्पना आदि मौजूद थे। अंत में मंडल अध्यक्ष पुष्पा सिन्हा ने आभार व्यक्त किया।

### आत्मनिर्भरता का प्रतीक

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि मनरेगा केवल योजना नहीं बल्कि ग्रामीण स्वाभिमान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि इस संग्राम को जन-जन तक पहुंचाया जाए और सरकार पर दबाव बनाया जाए। सभा को राहुल तिवारी, पंकज बांधव, चुम्मन साहू, अनीस खान, पूर्व ध्यक्ष रितेश जैन ने भी संबोधित किया।

# प्रदेशभर में उमंग व उत्साह के साथ मनाया गया रंगों का महापर्व होली



■ एक-दूसरे को रंग लगाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली को लेकर पिछले एक सप्ताह से पहले नन्हे-मुन्हे बच्चों, बड़े बुर्जुर्गो को बेशब्री से इंतजार रहता है। वहीं कोलेगांव, कुण्डा व दामापुर सहित आसपास क्षेत्र में 4 मार्च को रंगों का त्यौहार होली बड़े हर्षोल्लास के साथ धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया गया, एक-दूसरे को गले मिलकर, बिना भेदभाव के रंग लगाया गया। साथ ही साथ होली पर्व में अपने अपने इष्ट देव 36 कोटि देवी-देवताओं की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर अपने घर परिवार गांव व क्षेत्र की सुख, शांति व समृद्धि की कामना की गई। वहीं होली पर्व में जगह-जगह नगाड़ा एवं डीजे के धुन में क्षेत्रवासी नाचते-गाते व झुमते नजर आए और मस्ती-मस्ती में एक से बढ़कर एक फाग गीत सुनने को मिला एवं घर में एक से बढ़कर एक पकवान बनाया गया था, जिसका जमकर लुप्त उठाया। जिसमें दिनेश पाण्डेय, सुरेश पांडेय, शैलेंद्र पांडेय, प्रवीण दुबे, हर्ष मिश्रा, विनायक शर्मा सहित आसपास गांव समस्त ग्रामवासी गण उपस्थित थें।

## मक्के स्कूली में हर्षोल्लास के मनाया गया होली महोत्सव



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ छात्र-छात्राओं द्वारा स्कूल परिषर में होली पर्व मनाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को जमकर रंग लगाकर होली पर्व की शुभकामना दी और सभी शिक्षकों से आर्शीवाद प्राप्त किया। जिसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठिका श्रीमती एलवीना विलसन, संकुल समन्वयक रामसिंह साहू, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू, रसोइयां मोहित साहू, श्रीमती रजन साहू सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

# कुण्डा ब्लॉक की परिचर्चा बैठक व होली मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का ब्लॉक अध्यक्ष उतरा दिवाकर क नेतृत्व में कुण्डा मुख्यालय में बैठक एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गत दिनों 2 मार्च सोमवार को अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी नवीन जायसवाल के निर्देशानुसार एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुण्डा अध्यक्ष उतरा दिवाकर के कुशल मार्ग दर्शन में ब्लॉक मुख्यालय कुण्डा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी का आवश्यक बैठक आयोजित की गई, इस बैठक का मुख्य एजेंडा ब्लॉक के सभी बूथों का मतदाता सूची का विवरण एवं सेक्टर एवं मण्डल के कार्यकारिणी विस्तार हेतु विस्तृत चर्चा एवं दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का होली मिलन कार्यक्रम आयोजित कर एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर एवं नगाड़ों के थाप पर पारंपरिक फाग गीतों के साथ रंगों के त्यौहार होली बड़े धूमधाम से मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में उतरा दिवाकर, प्रशांत खांडे, रोमी खनूजा, प्रमोद पात्रे, राजेश चंद्रवंशी, विनोद रजक, प्रीति ठाकुर, सतेनु दिवाकर, अंशु साहू, राधे धृतलहरे, ओंकार साहू, लखन सिंगरौल, शुभम साहू, परमेश्वर साहू, प्रिया दास, मनोज भास्कर, मनोज साहू, सनंद कुर्रे, द्वारिका रजक, मनोहर टोडर, रामप्रसाद दिवाकर, तोखन साहू, जलेश कुर्रे, हेमलाल साहू, कंचन झारिया, कमल साहू, गौतम दास, अनिल सवैया, विनोद पटले, वीरेंद्र भास्कर, शैलेश दिवाकर, बेदी यादव, संतोष दिवाकर, केशव चंद्राकर, जॉनी सिंह, सागर सिंग, रामावतार सिंगरौल, भरत साहू, शेखर रात्रे सहित ब्लॉक कांग्रेस महिला, कांग्रेस युवा कांग्रेस ओबीसी कांग्रेस एन एसयूआई किसान कांग्रेस के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थें।

# किसान नौनिहाल हरा-सोना गन्ना फसल की जोताई कार्य में जुटें



■ किसान नौनिहाल गन्ना फसल में खाद व पानी सिंचाई कार्य में जुटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

क्षेत्र के ग्रामीण किसान इन दिनों खेती-किसानी कार्य में जुट चुके है। किसानों द्वारा खेतों में हरा-भरा हो रहे नौनिहाल गन्ना फसल की जोताई शुरू कार्य जोरों पर की जा रही है। बताया जाता है कि जिले के गन्ना फसल की खेती-किसानी करने वाले ग्रामीण किसान जन गन्ना फसल की कटाई-छटाई और गन्ना फसल बेचने के बाद अब किसान गन्ना की दोबारा फसल लेने के लिए नौनिहाल फसल को पारंपारिक हल और बैल के माध्यम से जोताई कर रहे हैं साथ ही साथ खाद और पानी डाला जा रहा है, जिससे नौनिहाल गन्ना फसल जल्द तैयार हो सके। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सारंगपुर खुर्द निवासी किसान मनोज धुर्वे ने बताया कि अब गन्ना खेतों में धीरे-धीरे नौनिहाल पौधे बनकर तैयार हो रहा है और नौनिहाल गन्ना फसल को हरा-भरा करने के लिए खाद व पानी डालकर दोबारा गन्ना की फसल लेने के लिए तैयारी कर रहे हैं और वही दौजरी के ग्रामीण किसान मोहित साहू ने बताया कि एक एकड़ गन्ना खेतों की जोताई करने पर 800 से 1000 रूपए तक मजदूरी दे रहे हैं और अच्छे पैदावार करने के लिए जुटे हुए है ताकि समय पर गन्ना फसल हरा-भरा होकर परिपक्व हो सके ताकि समय पर गुड़ फैक्ट्री और कारखाना में बेंचकर अधिक लाभ ले सके।

# शिक्षक प्रीमियर लींग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन



■ पंडरिया टीम रहीं विजयी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन कबीरधाम के तत्वाधान में जिले के कार्यरत शासकीय स्कूलों के शिक्षक के मध्य जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता स्वामी करपात्री स्टेडियम कवर्धा मे आयोजन किया गया, आयोजन समिति कामता प्रसाद चंद्रवंशी, गजराज राजपूत एवं साथी शिक्षक विगत 7 वर्षो से आयोजन किया जा रहा है, प्रति वर्ष यह आयोजन दिसंबर माह में प्रारंभ हो जाता है क्योंकि सभी शासकीय शिक्षक हैं यह मैच केवल अवकाश के दिनों में रखा जाता है। वहीं शनिवार और रविवार विशेषकर इस वर्ष जिले से 14 टीमों ने भाग लिया। भोरमदेव शिक्षक क्रिकेट एसोसिएशन फाइनल मैच पंडरिया और रणवीरपुर के मध्य खेला गया, जिसमें पंडरिया टीम के कप्तान विपिन पाठक व रणवीरपुर के कप्तान जितेंद्र चंद्रवंशी ने टॉस कराया, रणवीरपुर ने जीतकर पंडरिया टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया, जिस पर पंडरिया टीम ने 12 ओवर में 04 विकेट खोकर 165 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें नरसिंह राजपूत के 57 रन, मोहन मुरारी साहू द्वारा 49 रन साथ ही रवि प्रताप सिंह द्वारा 35 रनों का योगदान दिया गया। वहीं रणवीरपुर की टीम लक्ष्य के पीछा करते हुए केवल 9 ओवर में 63 रन बनाकर पूरी टीम आउट हो गया। पंडरिया टीम 102 रनो से मैच जीतकर टीचर प्रीमियर लींग कवर्धा का 7 वे वर्ष का विजेता रही। इस फाइनल मैच में मुख्य अतिथि कैलाश चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी नपाध्यक्ष द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी व 35 हजार रुपए व द्वितीय पुरस्कार 21 हजार और ट्रॉफी साथ ही तृतीय पुरस्कार उड़िया टीम को ट्रॉफी तथा 11 हजार रुपए नगद पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही मैंने ऑफ दी सीरीज पंडरिया टीम के खिलाड़ी नरसिंह राजपूत को दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में पंडरिया व रणवीरपुर के खिलाड़ी सहित आसपास क्षेत्र के ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# कुम्भकार समाज का वार्षिक सामाजिक बैठक 8 मार्च को

■ समाज के विभिन्न कार्यक्रम को लेकर बैठक आयोजित की जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज जिला कबीरधाम द्वारा आगामी 08 मार्च रविवार को दोपहर 12 बजे ग्राम बाजार चारभाठा में वार्षिक सामाजिक अधिवेशन-2026 का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों, संगठन की मजबूती तथा समाज के विकास को लेकर विशेष परिचर्चा की जाएगी। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, विशेष अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा व कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सुदर्शन कुम्भकार करेंगे। इस छत्तीसगढ़ कुम्भकार समाज के वार्षिक सामाजिक अधिवेशन में प्रदेश एवं विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिको को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई ताकि कार्यक्रम में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने और युवाओं को समाज के विकास में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कुम्भकार समाज जिला कबीरधाम के पदाधिकारियों ने समाज के सभी लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने व सहयोग की अपील की गई।

## पारस की लाल फूल आकर्षण का केन्द्र...

**हरिभूमि कुई कुकदूर।** बसंत के आगमन के साथ प्रकृति भी मुस्कुराने लगी है। सड़क किनारे खड़े ये दो पेड़ मानो आपस में बातें करते दिखाई दे रहे हैं। पारस के लाल गुलाबी फूलों से लदे ये पेड़ ऐसे लग रहे हैं जैसे एक-दूसरे से कह रहे हों देखो, फिर से रंगों और खुशियों का मौसम आ गया।



## बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर बधाई दी

# रंग, उमंग व सौहार्द की मिशाल बनी कुण्डा की होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा



फाल्गुन माह के आगमन के साथ रंगों का पर्व होली पूरे उत्साह और उमंग के साथ कुण्डा ग्राम में मनाया गया। इस वर्ष गांव की होली सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और परंपरा की अनूठी मिशाल बनकर सामने आई। सुबह से ही गांव के हर चौक-चौराहे और गलियों में रंग-गुलाल की खुशबू और उत्सव का माहौल दिखाई दिया।

बच्चों, युवाओं और बुजुर्गो ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। गांव के मुख्य चौक से लेकर बस्ती की गलियों तक ढोल-नगाड़ों की थाप और पारंपरिक होली गीतों की गूंज सुनाई देती रही। युवाओं की टोलियां गीत-संगीत के साथ झूमती नजर आईं, जिससे पूरे गांव में उत्सव का माहौल रहा। वहीं महिलाओं ने घरों में पारंपरिक व्यंजन जैसे गुझिया, दही बड़े, मालपुए सहित विभिन्न पकवान बनाकर त्यौहार की मिठास को और बढ़ा दिया। गांव में हर घर के दरवाजे खुले रहे और लोग एक-दूसरे के घर जाकर रंग-गुलाल के साथ बधाई देते दिखाई दिए। इस बार की होली की सबसे खास बात यह रही कि पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ। ग्रामवासियों ने आपसी समझदारी और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए त्यौहार को पूरी मर्यादा और सौहार्द के साथ मनाया। कहीं से भी किसी प्रकार के विवाद या अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली, जिससे पूरे गांव में खुशी और संतोष का माहौल बना रहा।

ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और गांव के वरिष्ठ नागरिकों ने सभी ग्रामवासियों को शांतिपूर्ण होली के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। जिस तरह इस वर्ष पूरे गांव ने एकजुट होकर उत्सव मनाया, वह आने वाली पीढ़ियों के लिए भी प्रेरणादायक रहेगा। कुण्डा की यह होली सिर्फ एक त्यौहार भर नहीं रही, बल्कि यह संदेश देकर गई कि जब समाज एक साथ मिलकर खुशियां मनाता है, तो हर रंग रिश्तों को और गहरा कर देता है। गांव की यह एकजुटता और सौहार्द पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# राम्हेपुर कला में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मना होली पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर



बोड़ला विकासखंड अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल राम्हेपुर कला में स्कूली छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय पर्व होली के ऐतिहासिक महत्व बारे में बताया गया पौराणिक कथा हिरण्यकश्यप, भक्त प्रहलाद द्वारा होली के महत्व को प्रतिपादित किया गया। होली रंगो का पर्व है इस प्रकार से एक- दूसरे के प्रति घृणा को दूर कर प्रेम की भावना भरना ही होली है। इसमें बुराई को जलाकर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए, अज्ञानता को दूर कर ज्ञान की ज्योति जगाना ही सर्वोत्तम होली है, विद्यार्थियों द्वारा होली-मिलन के रूप में एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। साथ ही साथ शिक्षको द्वारा शुभकामनाएं संदेश में अच्छे पढ़ने-लिखने एवं अपना लक्ष्य प्राप्त कर ऊंचे पद में आसीन होकर देश सेवा करने हेतु आर्शीवचन से विद्यार्थियों को प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता एमआर कोमरे, राजकुमार साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**हादसा:** तेज रफ्तार बाइक पेड़ से टकराई, मोटरसाइकिल व स्कार्पियो भिड़े

# अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत, कई घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान/कोलेगांव

होली त्यौहार की धमाचौकड़ी के बीच जिले के अलग-अलग ईलाकों से कई छोटी-बड़ी सड़क दुर्घनाओं की खबरें सामने आई हैं। जिसमें तीन लोगों की मौत तथा कई लोगों के घायल होने जानकारी मिली है। कोदवा-पंडरिया मार्ग पर कुल्ही डोंगरी और बिरैनबाह के बीच बीती रात हुए एक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की जान चली गई। मृतक की पहचान छिरहा कुल्ही डोंगरी निवासी रैतू धुर्वे पिता इतवारी धुर्वे के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में होली त्यौहार के चलते शराब के सेवन और जश्न का दौर चल रहा था। बताया जा रहा है कि गुरुवार रात करीब 7 से 8 बजे के बीच रैतू अपनी सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल से कोदवा गोडान की ओर से अपने गांव लौट रहा था। स्थानीय लोगों की आशंका है कि वह नशे की हालत में था और बाइक की रफ्तार काफी अधिक थी। इसी दौरान सड़क किनारे स्थित परसा (पलाश) के झाड़ से मोटरसाइकिल सीधे जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई।

**सुबह राहगीरों ने देखा शव**

हादसा रात के अंधेरे में हुआ, इसलिए किसी को तुरंत इसकी भनक नहीं लगी। शुक्रवार सुबह जब ग्रामीण रास्ते से गुजरे, तो उन्होंने सड़क किनारे युवक का शव और क्षतिग्रस्त बाइक देखी। घटना की सूचना मिलते ही कुकदूर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, जहां पेड़ पर टकराने के गहरे निशान और मृतक के चेहरे पर गंभीर चोटें पाई गईं। कुकदूर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि शुरुआती जांच में यह दुर्घटना का मामला लग रहा है, हत्या का कोई चिन्ह नहीं मिला है। हालांकि, इस बात की जांच की जा रही है कि घटना के समय युवक के साथ कोई और भी सवार था या नहीं। आशंका है कि यदि कोई साथ था, तो वह डर के मारे मौके से भाग गया होगा। मृतक के बारे में ग्रामीणों ने बताया कि वह अक्सर तेज गति से वाहन चलाने का आदी था। फिलहाल पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है ताकि मौत के सटीक कारणों और नशे की पुष्टि हो सके।

**मोटर साइकिल और स्कार्पियो की भिडंत में दो की मौत**



जिले के ही विकासखंड पंडरिया में बीते 5 मार्च को एक और सड़क हादसे में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि उसके साथ बैठे दो अन्य ग्रामीण घायल हो गए। बताया जाता है कि ग्राम सोमनापुर निवासी अभिनय अनंत पिता ओमप्रकाश अनंत अपने दो अन्य साथियों के साथ मोटर सायकल से सैहामालगी की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान उनकी तेज रफ्तार मोटर सायकल विपरीत दिशा से आ रही स्कॉर्पियो वाहन से जा भिड़ी। इस दुर्घटना में अभिनव की मौके पर ही मौत हो गई। बाद में घटना की जानकारी दामापुर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। वहीं घायलों कापे अस्पताल दाखिल कराया गया है। आरोपी स्कार्पियो वाहन चालक के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। दूसरी तरफ खबर मिली है कि इस दुर्घटना में घायल दो लोगों में से शुक्रवार को ईलाज के दौरान एक और युवक की मौत हो गई है।



# आरटीई प्रतिपूर्ति राशि बढ़ने को लेकर निजी स्कूलों ने शुरू किया असहयोग आंदोलन

- 7 से 25 हजार रूपए तक प्रतिपूर्ति राशि बढ़ाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि बढ़ने तक छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन का ऐलान कर दिया है।

इस संबंध में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा जिला कलेक्टर को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि गत 13 वर्षों से शिक्षा के अधिकार कानून के तहत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निजी स्कूलों को दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि को नहीं बढाने को लेकर माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका दायर की गई थी। याचिका क्रमांक डब्ल्यूपीसी 4988 /2025 के आदेश दिनांक 19 सितम्बर 2025 में माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर ने अपने अंतिम आदेश में 6 माह के भीतर मांगों पर निर्णय लेने के लिए कहा है।

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने मांग की है कि शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत स्कूलों को प्रदाय की जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि प्रति विद्यार्थी प्रति वर्ष प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 18000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 22,000 एवं हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक किया जाए तथा ये बढ़ी हुई राशि पिछले 3 वर्षों से प्रदान की जाए।

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के अनुसार 1 मार्च को छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया है कि जब तक स्कूल शिक्षा विभाग शिक्षा के अधिकार कानून के अंतर्गत प्रदान दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाता तब तक प्रदेश के समस्त स्कूल असहयोग आंदोलन करेंगे। असहयोग आंदोलन में स्कूल शिक्षा विभाग, जिला शिक्षा अधिकारी, नोडल प्राचार्य के किसी भी कार्य में प्रदेश के निजी स्कूल सहयोग नहीं करेंगे, ना ही उनके किसी पत्र, नोटिस, आदेश का जवाब दिया जाएगा। में छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन दो टूक कहा है कि जब तक प्रतिपूर्ति राशि नहीं बढ़ाई जाती यह आंदोलन जारी रहेगा।

**शासन-प्रशासन को निजी स्कूलों की दो टूक**

माना जा रहा है कि जिस ढंग से शिक्षा के अधिकार कानून (आरटीई) के तहत दी जाने वाली प्रतिपूर्ति राशि बढ़ने तक छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने असहयोग आंदोलन का ऐलान करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को किसी भी प्रकार का सहयोग न करने का निर्णय लिया है यह एक प्रकार से शासन-प्रशासन को दो टूक चेतावनी है। देखना दिलचस्प हो किया शासन-प्रशासन और स्कूल शिक्षा विभाग अब छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन की इस चेतावनी को किस ढंग से लेता है।

**खबर संक्षेप**

## संभाग स्तरीय सुनवाई 11 मार्च को दुर्ग में

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित दुर्ग संभाग, जिला-दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, कबीरधाम, राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अं. चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (छ.ग.) से प्राप्त प्रकरणों की एक साथ सुनवाई 11 मार्च 2026 को आयोग की गठित न्यायपीठ अध्यक्ष डॉ श्रीमती किरणमयी नायक एवं सदस्य श्रीमती ओजस्वी मण्डावी एवं श्रीमती लक्ष्मी वर्मा द्वारा की जाएगी। यह सुनवाई प्रेरणा सभा कक्ष बालगृह परिसर, 5 बिल्डिंग, महिला बाल विकास कार्यालय दुर्ग में प्रातः 11.00 बजे से शुरू होगी।

## लू से बचाव के लिए दिशा-निर्देश जारी

**कवर्धा।** जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीके तुर्रे ने जिलेवासियों से भीषण गर्मी के मौसम में विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में तापमान बढने के साथ ही लू लगने का खतरा बढ़ जाता है। मौसम में बदलाव के बाद अब तेज धूप और गर्मी का प्रभाव बढने लगा है, जिससे नागरिकों को लू लगने की आशंका रहती है। डॉ. तुर्रे ने बताया कि सूर्य की तेज गर्मी का शरीर पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इससे शरीर का तापमान असामान्य रूप से बढ़ जाता है और शरीर में पानी तथा खनिज लवण (नमक) की कमी हो जाती है। इस स्थिति को लू लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है।

# प्रशासन तय करें, परीक्षा की तैयारी जरूरी या प्रशिक्षण

## टीचर्स एसोसिएशन ने की प्रशिक्षण स्थगित करने की मांग




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र प्रेषित कर विद्यार्थियों के वार्षिक परीक्षा के ठीक पहले पंडरिया ब्लॉक में आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित करने की मांग किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि हमें शिक्षक प्रशिक्षण से कोई आपत्ति नहीं है। हमारा आपत्ति प्रशिक्षण के समय को लेकर है। लोक शिक्षण संचालनालय रायपुर द्वारा जारी पत्र के अनुसार आगामी 17 मार्च से आठवीं का वार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने जा रहा है। ऐसे समय में विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी के लिए शिक्षकों को विद्यालय में होना आवश्यक है, लेकिन पंडरिया ब्लॉक में सामाजिक विज्ञान व विज्ञान विषय के 111 शिक्षकों का पांच से नौ मार्च तक पांच दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ कर दिया गया है, जो उचित नहीं है। वर्तमान शिक्षा सत्र 2025-26 में मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन परीक्षा के ठीक पहले शिक्षक प्रशिक्षण से प्रतीत होता है कि कुछ अधिकारियों को मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान से कोई लेना-देना नहीं है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, उग्रसेन चन्द्रवंशी, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल, रविन्द्र चन्द्रवंशी, देवानंद चन्द्रवंशी, जयप्रकाश चन्द्रवंशी आदि पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान तथा विद्यार्थियों की वार्षिक परीक्षा की तैयारी को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षक प्रशिक्षण को तत्काल स्थगित करने की मांग किया है।

**सत्र समाप्ति के समय प्रशिक्षण क्यों?**

शिक्षा सत्र का प्रारंभ 16 जून से होता है। ऐसे में सवाल खड़ा होता है कि जुलाई से लेकर जनवरी तक की अवधि में शिक्षक प्रशिक्षण क्यों नहीं किया गया। लगभग सत्र समाप्ति के समय ठीक वार्षिक परीक्षा के पहले ही प्रशिक्षण का आयोजन क्यों किया जा रहा है।

**17 मार्च से होगा वार्षिक परीक्षा**

लोक शिक्षण संचालनालय ने आठवीं की वार्षिक परीक्षा की तिथि 17 मार्च से तय किया है। साथ ही मिडिल स्कूलों में छठवीं व सातवीं की स्थानीय परीक्षा आगामी 25 मार्च से 10 अप्रैल तक सम्पन्न करने का निर्देश दिया है। इसके बावजूद मिडिल स्कूल के शिक्षकों का पांच दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित करना कई प्रश्न खड़े करते हैं।

**नए शिक्षा सत्र में हो शिक्षक प्रशिक्षण**

टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रत्येक शिक्षा सत्र में प्रशिक्षण के लिए जुलाई से जनवरी तक का समय उचित होता है। अतः शिक्षक प्रशिक्षण को नए शिक्षा सत्र 2026-27 में आयोजित किया जावे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व, सुबह से लेकर देरशाम तक रंग-गुलाल में डूबते रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

परम्परागत ढंग से बीते सोमवार को होलिका दहन के बाद बुधवार को रंगोत्सव का पर्व गुदगुदी भरी मस्ती के बीच नगर सहित समूचे अंचल में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से शाम तक समूचे शहर में रंग गुलाल घुलता रहा और लोग एक दूसरे को पर्व की बधाई देते हुए उसमे डूबते रहे। त्यौहार के मद्दे नजर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते शहर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटने की खबर नहीं मिली है। होली पर्व को लेकर वैसे तो सभी वर्ग के लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। नगर के सभी मुहल्लों, चौक चौराहों, गली कूंचों में होलियारों के छोटे-बड़े अलमस्त जत्थे सबेरे से ही रंग, गुलाल और पिचकारियां लेकर निकल पड़े थे। जान, पाहचान, दोस्त, यार, बंधु, बांधव को देखकर होली है, का तेज राग अलापते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल से सराबोर कर देते थे और गले लगाकर बधाई देते थे। ऐसे मेल मुलाकात के अवसर पर धमाल मचाने वाले बच्चे पिचकारी से रंगो की बौछार कर होली की मस्ती और दोगुनी कर देते थे। अधिकांश युवक इस मस्ती के मौके पर विभिन्न स्वांग रचकर अद्भुत टोपियों व अन्य चीजें पहनकर धमा चोकड़ी मचाते रहे। युवाओं की टोलियां नवीन बाजार चौक, शीतला मंदिर चौक, राजमहल चौक, वीरस्तम्भ चौक, आजाद चौक, महावीर चौक, ऋषभ देव चौक, इंदिरा चौक, ठाकुर पारा चौक, दर्री पारा चौक आदि स्थानों रपर सक्रिय रहीं और होली का छककर मजा उठाया। होलियारों की हुड़दंग शाम होने के पहले तक चलती रही। लाल, हरा, पीला रंग, पिचकारियों में भरकर बौछारें की जाती रही जबकि कई जगहों पर बालटियों और बर्तनो से रंग उड़ेले गए। इस बीच जहां भी बड़े बुजुर्ग नजर आते वहां उन्हें रोक कर, पैर छूकर लोगों ने आशिर्वाद लिया। कई स्थानों में पिछले कुछ वर्षो से मनाई जाने वाली कपड़ा फाड़ होली की हुड़दंग भी देखने को मिली। स्थानीय लोहारा नाका में कपड़ा फाड़ होली घंटो तक चलती रही। इस बीच युवाओं की टोली एक दूसरे के कपड़े फाड़ते और उन्हें हवा में उछालते हुए नजर आई। कपड़ा फटने के बाद युवक एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई देते दिखे। कुल मिलाकर कवर्धा सहित समूचे अंचल में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

## नगर पंचायत पाण्डातराई द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई



नगर के प्रमुख स्थान बाजार पारा वार्ड क्रमांक 11 में आंगनवाड़ी भवन के पास निकाय द्वारा टीम गठित कर अतिक्रमण पर कार्यवाही की गई है। इस कार्यवाही के तहत शासकीय भूमि पर अवैध रूप से निर्मित भवन, दुकानों, ठेले के रूप में संचालित दुकानों को हटाने का कार्य किया गया एवं भविष्य में अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी अतिक्रमणकारियों को दी गई है। इस कार्यवाही में तहसीलदार पंडरिया संजय मोदय, नगर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी अभिषेक सिंह एवं पुलिस बल सहित नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

## होली पर धमाल...



**कवर्धा।** अंचल में रंगों के पर्व होली की रही धूम, पर्व को लेकर बच्चों में दिखा भारी उत्साह।

**आवास हितग्राहियों को तकनीकी मार्गदर्शन उपलब्ध कराने दिए निर्देश**

# प्रधानमंत्री आवास को गुणवत्ता के साथ करवाएं पूर्णः जिपं सीईओ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना अंतर्गत बनने वाले घरों की गुणवत्ता उत्तम हो। समय पर निर्माण कार्य पूरा करने हितग्राहियों को प्रोत्साहित करते हुए आवास निर्माण में लापरवाही बरतने एवं अनियमितता की शिकायत पर जांच उपरांत दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत अभिषेक अग्रवाल द्वारा आवास योजना की समीक्षा बैठक के दौरान मैदानी कर्मचारियों को दिए। बैठक में उपस्थित सीईओ जनपद पंचायत, अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सचिव,रोजगार सहायक एवं आवास मित्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं प्रधानमंत्री जनमन आवास शासन की महत्वाकांक्षी योजना है। प्रदेश में सर्वाधिक जनमन आवास का निर्माण कबीरधाम जिले के विकासखंड बोड़ला एवं पंडरिया में कराया जा रहा है। समीक्षा बैठक के दौरान सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने निर्देश देते हुए आगे कहा कि आवास निर्माण में अनियमितता की शिकायत पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और आवश्यकता अनुसार संबंधितों के विरुद्ध थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। सीईओ जिला पंचायत ने बोड़ला एवं पंडरिया क्षेत्र के जनमन आवास की ग्राम पंचायत वार समीक्षा कर निर्माण कार्य को जल्दी पूरा करने के निर्देश दिए। आवास निर्माण के लिए रेती,गिट्टी,सीमेंट सेंट्रिंग प्लेट जैसे मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति डीलर दीदी के द्वारा कराए जाने के भी निर्देश दिए गए। इस कार्य से बिहान योजना के महिला समूह की आजीविका गतिविधियां संचालित होगी और स्थानीय स्तर पर आवास योजना के हितग्राहियों को कम दर पर निर्माण सामग्री प्राप्त होने की बात कही। उल्लेखनीय है कि नवनियुक्त सीईओ अभिषेक अग्रवाल ने शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जमीनी हकीकत जानने रानी दुर्गावती चौक स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभा कक्ष में जिले के सभी ग्राम पंचायतो के मैदानी कर्मचारियों की दो पाली में समीक्षा बैठक आहूत कर चल रहे निर्माण कार्यों की ग्राम पंचायत वॉर जानकारी प्राप्त की। आवास निर्माण के ऐसे हितग्राही जिन्हें प्रथम किस्त की राशि मिलने के बाद भी लंबे समय से आवास का निर्माण प्रारंभ नही कर रहे है उनसे राशि वसूली के निर्देश जनपद पंचायत को दिए गए।

# महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त 8 मार्च को होगी जारी, जिले के 9 स्थानों पर होगा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 8 मार्च को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महतारी वंदन योजना की 25वीं किश्त की राशि का अंतरण करेंगे। बस्तर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री वर्चुअल माध्यम से कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा प्रदेश की महिलाओं से संवाद भी करेंगे।

इस अवसर पर कबीरधाम जिले में भी व्यापक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के कुल 9 स्थानों पर महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कवर्धा के पीजी कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित मुख्य जिला स्तरीय कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य रूप में शामिल होंगे। वहीं रणवीरपुर (लोहारा) के स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल होंगी।

इसके अलावा बोड़ला के मंगल भवन, चिल्फी परियोजना कार्यालय के हाल, तरेगांव जंगल के परियोजना कार्यालय हाल, पंडरिया के सामुदायिक भवन, कुकदूर के परियोजना कार्यालय हाल, कुंडा के परियोजना कार्यालय हाल तथा दशरंगपुर के परियोजना कार्यालय हाल में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्थानीय जनप्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहेंगी।